रोहतक
गुरुवार, 24 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 174
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 35.4
न्यून. 22.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,726.64 | 539.83 ▲ |
| निफ्टी | 25,219.90 | 159.00 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,01,020/- | 1000/- ▲ |
| चांदी | 1,18,000/- | 4000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 86.41 | 3 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 68.29 बैरल 0.45% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## अंदर के पन्नों पर


- अतिरिक्त प्रभार वाले अफसरों पर मंत्री की टेढ़ी नजर पेज-2
- काली माता मंदिर में सात दिन सफाई करेगी पायल पेज-3
- तीसरे दिन भी संसद में जारी रहा गतिरोध पेज-5


## खबर संक्षेप

### नूंहः अवैध खनन से तबाह हुए क्षेत्र को बहाल करें

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) को हरियाणा सरकार के साथ परामर्श कर नूंह के अरावली क्षेत्र में अवैध खनन से तबाह हुए क्षेत्र की बहाली के लिए योजना बनाने को कहा। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिए।

### भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में हुए नस्लीय हमले में घायल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में नस्लीय हमले में घायल भारतीय छात्र चरणप्रीत सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 23 वर्षीय सिंह पर शनिवार को किंटोर एवेन्यू स्थित एक पार्किंग स्थल में पार्किंग विवाद को लेकर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ लोग उनके वाहन के पास आये और नस्लीय गालियां दीं तथा उनके साथ मारपीट की जिससे वह बेहोश हो गए। भाषा

### नीट-यूजी : दो छात्रों को काउंसलिंग की मंजूरी नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उन दो अभ्यर्थियों को नीट-यूजी, 2025 की काउंसलिंग में शामिल होने के लिए अस्थायी मंजूरी देने से इनकार कर दिया, जिन्हें मध्य प्रदेश में परीक्षा केंद्रों में बिजली कटौती का सामना करना पड़ा था। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की पीठ ने हालांकि, नव्या नायक और एस साई प्रिया की याचिकाओं को 25 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया। भाषा

### कांवड़ मेलाः 4.5 करोड़ श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे

**हरिद्वार।** हरिद्वार में 'बम बम भोले' के जयकारों की गूंज के बीच पखवाड़े भर चला कांवड़ मेला शिवरात्रि के साथ ही संपन्न हो गया। मेला नियंत्रण कक्ष के सूत्रों के अनुसार, इस वर्ष कांवड़ यात्रा के दौरान गंगा जल लेने के लिए पिछले 15 दिनों में 4.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे । एक मान्यता के अनुसार, अपने ससुर राजा दक्ष को दिए वचन के अनुरूप भगवान शिव पूरे सावन में कनखल में ही निवास करते हैं। भाषा

### अखबार पढ़ने के बाद याचिका दायर नहीं करें

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक याचिकाकर्ता से कहा, अखबार पढ़कर मुकदमा दायर न करें। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और उनके सहयोगी संस्थानों के लिए बाहरी भर्ती कंपनियों या एजेंटों के नियमन के अनुरोध वाली एक जनहित याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। भाषा

### अर्धसैनिक बलों के एक लाख से ज्यादा पद खाली

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने संसद को जानकारी दी कि 6 अर्धसैनिक बलों में स्वीकृत संख्या के मुकाबले 1,09,868 जवानों की कमी है। राज्यसभा में टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन के एक प्रश्न के उत्तर में सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई। गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने अपने जवाब में कहा कि 2021 के बाद से यह सबसे बड़ी कमी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कोई बहुत बड़ी वैकेंसी नहीं है। भाषा

---

**जज के घर कैश**
आंतरिक जांच समिति ने कदाचार का दोषी पाया था

# जस्टिस वर्मा केस से हटे सीजेआई, बोले-मैं सुनवाई नहीं कर सकता, पहले भी इसका हिस्सा रहा, अब नई बेंच गठित होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जस्टिस यशवंत वर्मा के घर मिले कैश कांड मामले की सुनवाई से चीफ जस्टिस बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा,' मेरे लिए इस केस की सुनवाई में शामिल होना उचित नहीं होगा, क्योंकि मैं पहले भी इसका हिस्सा रहा हूं।' इसके बाद शीर्ष कोर्ट ने कहा कि वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की उस याचिका पर सुनवाई के लिए एक नई पीठ का गठन करेगा, जिसमें उन्होंने आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट को अमान्य करने का अनुरोध किया है। समिति ने उन्हें नकदी बरामदगी विवाद मामले में कदाचार का दोषी पाया था। न्यायमूर्ति वर्मा ने तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा आठ मई को की गई उस सिफारिश को भी रद्द करने का अनुरोध किया है, जिसमें पूर्व न्यायमूर्ति खन्ना ने संसद से उनके खिलाफ महाभियोग शुरू करने का आग्रह किया था।



- जस्टिस वर्मा ने समिति की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी
- संसद में माहभियोग की प्रक्रिया शुरू, दोनों सदनों में दिए जा चुके नोटिस



### मुझे पीठ का गठन करना होगा : सीजेआई

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मुझे एक पीठ का गठन करना होगा।' इस मामले को उठाना शायद उचित नहीं होगा, क्योंकि वह भी इस प्रक्रिया का हिस्सा हैं। 'हम इस पर विचार करेंगे और नई पीठ का गठन करेंगे।'

### हमने कुछ संवैधानिक मुद्दे उठाए : सिब्बल

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्मा की ओर से मामले का उल्लेख किया। सिब्बल ने कहा कि याचिका न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश द्वारा की गई सिफारिश के संबंध में थी। उन्होंने कहा, 'हमने कुछ संवैधानिक मुद्दे उठाए हैं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इसे जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाए।' जस्असि वर्मा पहले की कह चुके हैं कि घर से मिले रुपये उसके नहीं थे।

**संसद में शुरू हो चुकी कार्यवाही**
दूसरी तरफ, संसद में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए 152 सांसदों ने 21 जुलाई को लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा। राज्यसभा में 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव पर साइन किए।

### जस्टिस वर्मा ने यह कहा था

18 जुलाई को जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने तर्क दिया था कि उनके आवास के बाहरी हिस्से में कैश बरामद होने मात्र से यह साबित नहीं होता कि वे इसमें शामिल हैं, क्योंकि आंतरिक जांच समिति ने यह तय नहीं किया कि नकदी किसकी है या परिसर में कैसे मिली। समिति के निष्कर्षों पर सवाल उठाते हुए उनका तर्क दिया है- ये अनुमान पर आधारित हैं। याचिका में जस्टिस वर्मा का नाम नहीं है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट डायरी में इसे 'एक्सएक्सएक्स बनाम भारत सरकार व अन्य' के टाइटल से दर्ज किया गया है।

---

**प्रदेश में सीईटी 26 और 27 को, कोर्ट में 2 याचिकाएं दायर**

# एडमिट कार्ड जारी नहीं हुए तो हाईकोर्ट पहुंचे अभ्यर्थी

**आज होगी सुनवाई**
सरकार को निर्देश देने का आग्रह

**पहली याचिका**
सैकड़ों अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड फंसे, जारी करने के आदेश दें

**दूसरी याचिका**
रोडवेज बसें सीईटी के लिए लगाई, आम लोगों को हो सकती है भारी दिक्कतें

**सरकार ने कहा**
ये आधारहीन याचिका इसे खारिज किया जाए

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) 26 और 27 जुलाई को कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) करवाने जा रहा है। इसे लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गई हैं। इन पर गुरुवार को सुनवाई होगी। पहली याचिका में कुछ अभ्यर्थियों हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कहा कि सैकड़ों परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड जारी नहीं हुए हैं। अदालत आयोग को एडमिट कार्ड जारी करने के निर्देश जारी करे, ताकि परीक्षार्थी समय पर अपनी परीक्षा दे सकें। वहीं दूसरी जनहित याचिका में कहा गया है कि सीईटी परीक्षा के दौरान बस सेवाओं में बाधा की आशंका के चलते आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। याचिका में कहा गया है कि परीक्षा के लिए सरकार ने हरियाणा रोडवेज की ज्यादातर बसें लगा दी हैं, जिससे आम लोगों को दिक्कत हो सकती है, जैसे- रोज ऑफिस जाने वाले, मरीज, बुजुर्ग, मजदूर और आम यात्री। याचिका में मांग की गई है कि सरकार इसका कोई हल निकाले ताकि बाकी लोगों को भी सुविधा मिल सके। अदालत सरकार को आम लोगों के लिए परिवहन की व्यवस्था उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी करे। वहीं, दूसरी तरफ सरकार ने कहा कि ये आधारहीन याचिका है। सरकार ने हाईकोर्ट से इस याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया है।

### आम लोगों के लिए वाहन की वैकल्पिक व्यवस्था करवाएं



सीईटी की परीक्षा को लेकर राज्य में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के कारण आम लोगों को होने वाली दिक्कत की याचिका पर हाईकोर्ट वीरवार को सुनवाई करेगा। बुधवार को समय की कमी के कारण याचिका पर सुनवाई नहीं हो पाई। हालांकि सरकार ने याचिका पर सवाल उठाते हुए इसे आधारहीन करार दिया। याचिका में कहा गया है कि सरकार के इस फैसले से हरियाणा रोडवेज की अधिकतम बसें परीक्षा ड्यूटी में तैनात हो जाएंगी, जिससे दैनिक यात्रियों, कार्यालय जाने वालों, मरीजों, बुजुर्गों और श्रमिक वर्ग को भारी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि राज्य सरकार ने इस योजना की घोषणा तो कर दी, लेकिन आम जनता के लिए कोई वैकल्पिक या आकस्मिक परिवहन व्यवस्था नहीं की गई, जिससे उनके संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।

#### याचिका में यह कहा

याचिका में यह भी बताया है कि एचएसएससी ने जून 2025 में सीईटी परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया था, जिसके बाद जुलाई के आरंभ में राज्य सरकार ने अभ्यर्थियों को रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा देने की घोषणा की। इसके तहत परीक्षा के दोनों दिन अधिकतर बसों को अभ्यर्थियों की आवाजाही में लगाया जाएगा। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय से यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि राज्य सरकार सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को न्यूनतम आवश्यक स्तर पर बनाए रखने के लिए समुचित कदम उठाए तथा आम जनता के हितों की रक्षा के लिए एक समर्पित संचार एवं आकस्मिक तंत्र स्थापित करे।

**परीक्षा में शामिल होने से वंचित न किया जाए**

पहली याचिका में याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि उन्होंने परीक्षा के लिए आवेदन पत्र समय पर भरा, सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड किए, फीस का भुगतान भी किया और फार्म को अंतिम रूप से जमा कर दिया। इसके बावजूद उन्हें कुछ कारणों से एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया है और उन्हें परीक्षा में शामिल होने से वंचित किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत से आग्रह किया गया है कि आयोग को निर्देशित किया जाए कि वह उन्हें 26 और 27 जुलाई को आयोजित की लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति दे और जल्द से जल्द उनके एडमिट कार्ड जारी किए जाएं। याचिका में यह भी प्रार्थना की गई है कि अदालत परिस्थितियों को देखते हुए कोई अन्य उपयुक्त आदेश या निर्देश भी पारित करे, जो न्यायहित में हो।

---

**गुजरात एटीएस ने की कार्रवाई, सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर थे दहशतगर्द**

# गुजरात, दिल्ली और नोएडा से अलकायदा के 4 आतंकी काबू

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात एटीएस ने बुधवार को बताया कि उसने अल-कायदा से जुड़े 4 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। दो आतंकी गुजरात, एक दिल्ली और एक नोएडा से पकड़ा गया है। ये चारों नकली नोटों के रैकेट और आतंकी संगठन से लोगों को जोड़ने का काम कर रहे थे। ये ऐसे एप्स का उपयोग कर रहे थे, जिसमें चैट अपने आप डिलीट हो जाता है। ये चारों अल कायदा से जुड़े अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से जुड़े बताए जा रहे हैं। ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और कुछ संदिग्ध ऐप्स के जरिए लोगों से संपर्क कर रहे थे। गुजरात एटीएस को इनके पास से कुछ सोशल मीडिया हैंडल और चैट भी मिले हैं। साइबर टीम भी इसकी जांच में जुटी हुई है।


मो. फरदीन


सैफुल्ला कुरैशी


मोहम्मद कैफ


जीशान अली

### इन पर नजर रखी जा रही थी

सुरक्षा एजेंसियों को इनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर देश विरोधी और भड़काऊ पोस्ट मिलने के बाद इन पर नजर रखी जा रही थी। लंबे समय से की जा रही तकनीकी और फील्ड निगरानी के बाद एटीएस ने चारों को गिरफ्तार किया है। सीमा पार के आतंकियों से संपर्क एटीएस के मुताबिक आरोपियों की उम्र 20 से 25 साल के बीच है और ये भारत में आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे।

### सीमा पार से मिल रहे थे निर्देश

इन आतंकियों को कुछ खास और संवेदनशील ठिकानों को निशाना बनाने के निर्देश दिए गए थे। ये चारों आतंकी सोशल मीडिया ऐप्स के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। जांच में यह भी सामने आया है कि इनका संपर्क सीमा पार बैठे आतंकियों से भी था। गुजरात एटीएस और केंद्रीय एजेंसियां अब इनके नेटवर्क, फंडिंग, ट्रेनिंग और विदेशी संपर्कों की कड़ियां जोड़ने में जुटी हैं। इनसे पूछताछ के बाद और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## दिल्ली में बब्बर खालसा का आतंकवादी गिरफ्तार

**आरोपित की पहचान आकाशदीप के रूप में हुई**

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े और आपराधिक मामलों में वांछित संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान आकाशदीप के रूप में हुई है। सूत्रों ने कहा कि आरोपी पंजाब के बटाला में किला लाल सिंह थाने पर ग्रेनेड हमले और दिल्ली में अपराधियों को अवैध हथियारों की आपूर्ति करने समेत कई मामलों में वांछित था।

## बेंगलुरु में विस्फोटक मिले बड़ी वारदात टली, अलर्ट

**टॉयलेट के बाहर जिलेटिन की छड़ें और डेटोनेटर मिले**

**बेंगलुरु (भाषा)।** बेंगलुरु के कलासीपाल्यम बस स्टैंड पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए हैं। वेस्ट बेंगलुरु के डीसीपी एस गिरीश ने बताया कि बस स्टैंड के टॉयलेट के बाहर प्लास्टिक बैग में छह जिलेटिन की छड़ें और कुछ डेटोनेटर मिले हैं। मौके पर पुलिस और आतंकवाद निरोधी दस्ता पहुंच गए हैं। घटना के पीछे के मकसद का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

---

## नूंह में बीफ की मंडी पकड़ी बाप-बेटा गिरफ्तार, 7 फरार

**सीएस स्टाफ ने गोकशी करने वाले रैकेट का किया खुलासा, मौके से 7 क्विंटल से अधिक गोमांस बरामद**

**नूंह (हरिभूमि न्यूज)।** नूंह में गोकशी करने वाले रैकेट और बीफ की मंडी का गौ संरक्षण (सीएस) स्टाफ की टीम ने भंडाफोड़ किया है। टीम ने मौके से 7 क्विंटल 10 किलो गोमांस बरामद किया है। यह बीफ की मंडी घर में ही लगाई जा रही थी। मौके से मांस की तस्करी के आरोप में बाप-बेटे को भी गिरफ्तार किया है, जबकि इनके 7 साथी फरार हो गए। आरोपितों ने घरों में गोमांस का कारोबार खोल रखा था, जहां से गांवों, शहरों और राज्यों में सप्लाई की जा रही थी। आरोपित बाइक पर गोमांस की होम डिलीवरी भी कर रहे थे। मौके से 8 बाइकें मिली हैं। पशु चिकित्सालय की टीम ने जांच कर गोमांस होने की पुष्टि की। यह गैंग हरियाणा और यूपी से गायों को चोरी कर यहां लाकर काट रहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।



### बाइकों पर रखी थी गोमांस की बोरियां

- बाइकों पर गोमांस की बोरियां लटकी थीं, आरोपित वक्की के के आंगन में गोमांस पड़ा था, जहां से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 3 लकड़ी के गुटके, 2 छुरी, 1 कुल्हाड़ी, गाय के 2 पैर मिले। यहां करीब 140 किलोग्राम गोमांस बरामद हुआ।
- नफीस के घर से लकड़ी का गुटका, कुल्हाड़ी, गोमांस मिला। इसका वजन 150 किलो निकला।
- इरफान के मकान से 2 बाइक 1 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 लकड़ी का गुटका, 2 कुल्हाड़ी, 2 छुरी और 130 किलोग्राम गोमांस बरामद हुआ है।
- नदीम के घर से बाइक, कांटा, गुटके, 2 कुल्हाड़ी, 2 छुरी और 145 किलो गोमांस बरामद हुआ है।
- हसन के कघर से 1 बाइक, 1 कांटा, 1 लकड़ी का गाय के 2 पैर और 135 किलो गोमांस मिला।

### तड़के 3 बजे की छापेमारी

गौ संरक्षण फोर्स स्टाफ प्रभारी राजबीर ने बताया कि सूचना मिली थी कि पिनगवां थाना क्षेत्र के गांव रीठठ में जाकिर, फारूख आंकेड़ा, मालब गांव का टिंडा उर्फ इरफान, मेवली का मन्नु, हसन, नफीस उर्फ काला, इरफान, वक्की उर्फ वकील और नदीम मिलकर गोकशी का धंधा करते हैं। इस सूचना पर टीम बनाकर मंगलवार की सुबह करीब 3 बजे गांव रीठठ में आरोपियों के घर दबिश दी। पुलिस टीम को देखकर आरोपित वहां से भागने लगे। पुलिस के जवानों ने मौके से बाप-बेटे वक्की उर्फ वकील और नदीम को पकड़ लिया, जबकि सात आरोपित फरार हो गए। इंस्पेक्टर राजबीर ने बताया कि आरोपितों के घर से कुल 7 क्विंटल 10 किलोग्राम गोमांस बरामद हुआ है।

## चीनी नागरिकों के लिए भारत ने पर्यटक वीजा जारी किया

**पांच साल बाद रिश्तों में गर्माहट अब द्विपक्षीय संबंध बेहतर होने की उम्मीद जगी**

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारत ने इस सप्ताह से चीनी नागरिकों को फिर से पर्यटक वीजा जारी करने की घोषणा की है। यह कदम गलवान घाटी में सैन्य झड़प के बाद प्रभावित हुए द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के प्रयासों के तहत उठाया गया है। भारत ने 2020 में मुख्य तौर पर कोविड-19 महामारी के कारण चीनी नागरिकों को पर्यटक वीजा जारी करना स्थगित कर दिया था, लेकिन पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के मद्देनजर ये प्रतिबंध जारी रहे। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि चीनी नागरिक बृहस्पतिवार से पर्यटक वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## भारत व ब्रिटेन एफटीए पर आज करेंगे हस्ताक्षर

**पीएम मोदी और ब्रिटेन के उनके समकक्ष स्टार्मर रहेंगे मौजूद**

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत-ब्रिटेन बृहस्पतिवार को लंदन में एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। इससे श्रम-प्रधान उत्पादों जैसे चमड़ा, जूते और कपड़ों का रियायती दरों पर निर्यात संभव होगा, जबकि ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों का आयात सस्ता हो जाएगा। यह करार दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार को 2030 तक दोगुना करके 120 अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा। आधिकारिक तौर पर एक व्यापक आर्थिक और व्यापार करार कहे जाने वाले इस समझौते पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के उनके समकक्ष कीर स्टार्मर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए जाएंगे।

## चांदी 1,18,000 रु. किलो, तो सोना 1,01,020 का 10 ग्राम

**शिखर पर दोनों धातुएं, चांदी 4,000 रुपये व सोना 1,000 रुपये चमका**

**नई दिल्ली (भाषा)।** स्टॉकिस्ट के भारी खरीदारी से राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 4,000 रुपये बढ़कर 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं, जबकि सोने में 1,000 रुपये की तेजी रही। सोना 1,000 रुपये बढ़कर 1,01,020 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के साथ सोने की मांग बनी हुई है। इसका मुख्य कारण एक अगस्त की समयसीमा से पहले व्यापार समझौता होने की घटती उम्मीदें हैं।'

---

**तैयारी** चुनाव आयोग ने कहा, संसद के दोनों सदनों के सांसदों के निर्वाचक मंडल का गठन शुरू

**निर्वाचित और मनोनीत दोनों सदस्य मतदान के पात्र**

# ईसी ने शुरू की उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी, धनखड़ ने सामान पैक किया, जल्द खाली करेंगे उपराष्ट्रपति भवन

**नई दिल्ली (भाषा)।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के दो दिन बाद बुधवार को कहा कि उसने उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उसने संसद के दोनों सदनों के सांसदों के निर्वाचक मंडल का गठन शुरू कर दिया है। निर्वाचित और मनोनीत दोनों सदस्य उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के पात्र हैं। वह निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारियों के नामों को भी अंतिम रूप दे रहा है। तैयारियां पूरी होने के बाद, जल्द से जल्द उपराष्ट्रपति चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। जगदीप धनखड़ ने सोमवार को एक आश्चर्यजनक कदम के तहत स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 को समाप्त होना था।

### क्या कहता है नियम

संविधान के अनुच्छेद 68 के खंड 2 के अनुसार, उपराष्ट्रपति के निधन, त्यागपत्र या पद से हटाए जाने के बाद यथाशीघ्र चुनाव कराना होता है। नया उपराष्ट्रपति पदभार ग्रहण करने की तिथि से 5 वर्ष की पूर्ण अवधि तक पद पर रहने का पात्र होगा। निर्वाचक मंडल को मतदान के लिए बुलाने की अधिसूचना जारी होने के दिन से लेकर मतदान के दिन तक, 30 दिन की अवधि तय है। कुछ शर्तें हैं, जैसे वह भारत का नागरिक हो, 35 वर्ष से अधिक आयु का हो। राज्यसभा का सदस्य चुने जाने के लिए योग्य हो। भारत सरकार, राज्य सरकार या किसी अधीनस्थ स्थानीय प्राधिकरण में किसी लाभ के पद पर आसीन व्यक्ति चुनाव के लिए पात्र नहीं है।



### नेताओं से बनाई दूरी

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिस दिन जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था, उसी दिन से सामान पैक करना शुरू कर दिया था। हालांकि उनका इस्तीफा एक दिन बाद यानी मंगलवार को स्वीकार किया गया। जानकारी के मुताबिक धनखड़ से कुछ विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने मुलाकात करने का समय मांगा था, लेकिन वक्त नहीं मिला। शिवसेना के सांसद संजय राउत और एनसीपी के शरद पवार ने भी धनखड़ से मंगलवार को मिलने के लिए समय मांगा था, लेकिन समय नहीं मिला। इस्तीफे के बाद से धनखड़ किसी भी राजनीतिक पार्टी के नेता से मुलाकात नहीं कर रहे हैं।

### पद छोड़ने के बाद मिलेगा सरकारी बंगला

प्रोटोकॉल के मुताबिक कार्यकाल पूरा होने के बाद उपराष्ट्रपति को टाइप-8 कैटेगरी का सरकारी बंगला अलॉट किया जाता है, लेकिन धनखड़ का कार्यकाल 2027 में पूरा होना था और उन्होंने इससे पहले ही खुद इस्तीफा दे दिया है। ऐसे में यह देखना होगा कि सरकार की तरफ से उन्हें सरकारी बंगला मिलता है या फिर वह किसी प्राइवेट बंगले में शिफ्ट होंगे।

## खबर संक्षेप



### 3500 कि.मी. सड़कें होंगी 18 फीट चौड़ी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने बुधवार को पंचकूला पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें वित्त वर्ष 2025-26 के वर्क प्रोग्राम की समीक्षा की गई। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बैठक में निर्देश दिए कि प्रदेश की करीब 3500 किलोमीटर सड़कों को 18 फीट चौड़ा करने की योजना पर कार्य तेजी से किया जाए। मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही, देरी या गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री गंगवा ने बेलदारों की कार्यप्रणाली को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि हाल ही में जो बेलदार भर्ती हुए हैं, वे पढ़े-लिखे हैं लेकिन अपने कार्यस्थल पर सक्रिय नहीं दिख रहे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे कर्मचारियों की कंपाइल रिपोर्ट 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करें

### एचएसवीपी से चार दिन में लें दस्तावेजों की प्रति

**चंडीगढ़।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को अब आवेदक द्वारा मांगे गए दस्तावेजों की प्रति, इसके लिए अनुरोध करने के 4 दिन के अन्दर देनी होगी। हरियाणा सरकार द्वारा इस सेवा को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के अन्तर्गत अधिसूचित किया गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सम्बन्ध में जारी एक अधिसूचना के अनुसार, दस्तावेजों की प्रति लेने जुड़ी इस सेवा के लिए सम्बन्धित उप-अधीक्षक को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है। इसी तरह, सम्बन्धित सम्पदा अधिकारी प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी जबकि जोनल प्रशासक प्रशासक द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी होंगे।

### हरियाणा में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की सूची जल्द

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कांग्रेस संगठन सृजन प्रक्रिया पूरी कर ली गई और 30 जुलाई से पहले पहले कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। इस तरह के संकेत कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी बीके हरिप्रसाद की ओर से दिए गए है। नामों की सूची पर कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य शीर्ष नेताओं के साथ शुक्रवार की शाम बैठक होगी। उसके बाद सूची जारी की जानी है।
यहां पर बता दें कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए राहुल गांधी ने करीब डेढ़ माह पहले चंडीगढ़ में बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि हमें प्रदेश में पार्टी को भाजपा से भी मजबूत बनाना है।

# पैर फिसलने से गंगा में बहे भाजपा नेता और भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा, पुलिस ने डूबने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बुधवार को पूर्व भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कैप्टन दीपक हुड्डा को लेकर सनसनी फैल गई। इंडियन कबड्डी टीम के पूर्व कैप्टन हरिद्वार में गंगा के तेज बहाव में बह गए। यह देख वहां तैनात हरिद्वार पुलिस की टीम ने उनको गंगा में बहने और डूबने से बचाया। इसका खुलासा तब हुआ, जब उत्तराखंड पुलिस ने सोशल मीडिया पर किया। उत्तराखंड पुलिस ने एक्स हैंडल पर वीडियो जारी करके कहा कि रोहतक में रहने वाले भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कैप्टन दीपक हुड्डा हरिद्वार में गंगा के तेज बहाव में बह गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें बहने और डूबने से बचाया। इस बारे में पहले तो दीपक हुड्डा हादसे से मना करते रहे। यह भी कहा कि पुलिस की वीडियो में जो शख्स दिखाई दे रहा है वह मैं नहीं हूं। हुड्डा ने यहां तक कहा कि मैं रोहतक ही हूं और कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहा हूं। लेकिन शाम होते होते दीपक ने मीडिया को बताया कि उत्तराखंड पुलिस ने जो वीडियो जारी की है, उसमें मैं ही हूं और बुधवार सुबह ही हरिद्वार नहाने के लिए गया था। पैर फिसलने से वह गंगा में गिर गए थे। जिसके बाद उत्तराखंड पुलिस ने उन्हें बचाया। दीपक हुड्डा हरियाणा में भाजपा के नेता हैं और विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं।

### पैर फिसल गया था : दीपक हुड्डा



दीपक हुड्डा ने कहा कि 23 जुलाई महाशिवरात्रि थी। इस वजह से मैं सुबह गंगा स्नान के लिए गया था। मैं गंगा के किनारे डुबकी लगा रहा था। वहां मेरा पैर फिसल गया। मैं उत्तराखंड पुलिस का धन्यवाद करता हूं।



दीपक हुड्डा

## परिवहन, बिजली और श्रम विभाग के अधिकारियों की कुंडली खंगाली जाएगी

# अतिरिक्त प्रभार वाले अफसरों पर मंत्री की टेढ़ी नजर, ब्योरा तैयार करने के निर्देश

- बड़ी संख्या में अफसरों ने गुरुग्राम व एनसीआर वाले जिलों, दिल्ली में प्रभार लिया हुआ है, ताकि दिल्ली में सरकारी आवास भी बचा रहे, साथ ही फरलो भी चल जाती है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश के परिवहन, श्रम और ऊर्जा मंत्री ने अपने तीनों ही विभागों मे अतिरिक्त प्रभार वाले अफसरों का ब्योरा मांग लिया है। इतना ही नहीं अतिरिक्त (एडिशनल चार्ज) क्यों दिया गया ? साथ ही इस तरह के प्रभार वाला अफसर कब से अतिरिक्त प्रभार लिए हुए है। खास बात यह है कि ऊर्जा, परिवहन और श्रम तीनों अपने विभागों को लेकर वरिष्ठ मंत्री अनिल विज ने अपने स्टाफ को दिशा निर्देश जारी कर इस तरह की सूचना तीनों विभागों से एकत्र करने का आदेश जारी कर दिया है। दरअसल, मंत्री की इस तरह के अतिरिक्त प्रभार वालों पर टेढ़ी नजर इसलिए है, क्योंकि बड़ी संख्या में अफसरों ने गुरुग्राम व एनसीआर वाले जिलों, दिल्ली में प्रभार लिया हुआ है, ताकि दिल्ली में सरकारी आवास भी बचा रहे, साथ ही वहां प्रभार होने के कारण कई बार फरलो भी चल जाती है।

### विभाग मुखिया बताएं- अफसरों की तैनाती कब और क्यों की गई : विज



सूत्र बताते हैं कि इस बारे में बुधवार मंत्री अनिल विज ने स्टाफ को सभी तीनों विभागों ऊर्जा, परिवहन और श्रम तीनों ही विभागों के मुखिया अफसरों को तुरंत ही सूचित करने के आदेश दिए। जिसके बाद में तीनों विभागों से अतिरिक्त प्रभार वाले अफसरों की तैनाती कब और क्यों की गई थी। अतिरिक्त प्रभार स्टाफ शार्टेज में दिया गया है, या फिर अधिकारी होने के बाद भी उन्हें इस तरह के प्रभार दिए गए हैं। अब ऐसे अधिकारियों की पहचान करके पता लगाया जाएगा कि उन्हें किस आधर पर अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके लिए विज ने अधिकारियों को निर्देष दिए हैं।

### दो-दो प्रभार रखने के पीछे निजी कारण, अपने हिसाब से ले रखा चार्ज

सूत्र बताते हैं कि मंत्री के पास में लगातार तीनों ही विभागों को लेकर फीडबैक आ रहा है। कई अफसरों ने अपने हिसाब से एडिशनल प्रभार लिया हुआ है, ताकि वे इस बहाने दिल्ली गुरुग्राम में अपनी मूवमेंट रख सकें। साथ ही अतिरिक्त प्रभार कई ने सरकारी आवास दिल्ली और गुरुग्राम में होने के कारण लिया हुआ है। जहां पर उनका परिवार रह रहा है। यही कारण है कि कई बार अचानक ही कोई बैठक आने और अहम काम होने के बाद भी इस तरह के अफसरों और उनके स्टाफ के पास में बहाना बनाना भी आसान होता है। नाराज मंत्री विज अब इस तरह के अफसरों पर टेढ़ी नजर रखे हुए हैं, ब्योरा आने के बाद में किसी भी वक्त वे अपने तीनों विभागों से अतिरिक्त प्रभार वाले अफसरों की छुट्टी करने की तैयारी में हैं। मंत्री द्वारा ब्योरा मांग लेने के बाद में डबल डबल प्रभार रखने वालों की नींद हराम होना स्वाभाविक बात है।

### गुरमीत सिंह ने हाई कोर्ट से सजा निलंबन की याचिका वापस ली

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह ने 2017 के दुष्कर्म मामले में अपनी सजा को निलंबित करने की याचिका पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से औपचारिक रूप से वापस ले ली है। हाई कोर्ट ने याचिका को याचिकाकर्ता की इच्छा के अनुसार स्वतंत्रता के साथ दोबारा याचिका दायर करने की छूट के साथ खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस शील नागु और जस्टिस विक्रम अग्रवाल की खंडपीठ के सामने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख की तरफ से सूचित किया कि वह यह याचिका वापस लेना चाहता है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा, यह याचिका खारिज मानी जाए, लेकिन भविष्य में पुनः प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता बनी रहेगी। गौरतलब है कि यह याचिका करीब दो वर्षों से लंबित थी। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने इस देरी पर चिंता जाहिर की थी और स्पष्ट किया था कि अगली तारीख को चाहे बहस हो या नहीं, याचिका का निपटारा किया जाएगा।

# इस साल राज्य में 2.10 करोड़ पौधे लगाएंगे पांच वर्षों तक रखी जाएगी नजर : सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ और सतत भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष प्रदेशभर में 2.10 करोड़ पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। उन्होंने राज्य के लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस मानसून के मौसम में प्रत्येक परिवार कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के पहले चरण में, हरियाणा में 1.60 करोड़ पौधों के तय लक्ष्य से भी अधिक 1.87 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों के सहयोग से हम एक बार फिर इस लक्ष्य को पार कर लेंगे। मुख्यमंत्री मोरनी में आयोजित राज्य स्तरीय वन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह भी उपस्थित रहे।




### सीएम ने दो पुस्तिकाओं का विमोचन किया

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि वन विभाग द्वारा शुरू किए गए वृक्षारोपण की हर साल ड्रोन का उपयोग करके जियो-टैगिंग और नियमित रूप से मैपिंग की जाएगी। हरियाणा में वन क्षेत्र बढ़ाने में योगदान देने के लिए इन पौधों के विकास की निगरानी पांच वर्षों तक की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा प्रकाशित दो पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया, जो मोरनी क्षेत्र में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए हर्बल वाटिका और नेचर ट्रेल्स के विकास पर केंद्रित हैं।

### नवीनीकृत नेचर कैंप थापली का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को पंचकूला जिले के मोरनी क्षेत्र में नवीनीकृत नेचर कैंप थापली का लोकार्पण किया। नवीनीकृत इको-कुटीर का भी उद्घाटन किया। उन्होंने आयुर्वेदिक पंचकर्मा केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का भी जायजा लिया।

# विकास बराला का नाम भी लॉ अफसरों की नियुक्ति में

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता सुभाष बराला के बेटे विकास बराला को सहायक महाधिवक्ता नियुक्त करने को लेकर विपक्षी दलों और नेताओं सवाल खड़े करने की शुरुआत कर दी है। बराला पर एक पूर्व अधिकारी की बेटी का पीछा करने और अपहरण करने की कोशिश करने का चर्चित मामला लंबित है। महाधिवक्ता हरियाणा के नेतृत्व वाली स्क्रीनिंग कमेटी ने विकास के नाम की सिफारिश कर दी थी। कमेटी में कई बड़े अफसर शामिल थे। सूबे की भाजपा सरकार ने विकास बराला को सहायक महाधिवक्ता नियुक्त किया है। विकास पर एक पूर्व आईएएस अधिकारी की बेटी का पीछा करने, छेड़छाड़ करने व अपहरण करने जैसे संगीन आरोप लगे थे। नियुक्ति को लेकर विवाद हो रहा है। विपक्ष सरकार की आलोचना करने में जुट गया। उनका कहना है कि सरकार ने आरोपित को महत्वपूर्ण पद दे दिया है। जिस कमेटी ने विकास बराला के नाम पर मुहर लगाई है, उनमें मणि राम शर्मा, विशेष सचिव, गृह विभाग, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) के नामित सदस्य थे।

**भाजपा ने की बैठक:**
पंचकूला। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर एक बैठक हुई। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा, मन की बात में विषय ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक होते हैं।

## कृषि मंत्री की अध्यक्षता में बागवानी अफसरों की बैठक हुई

# किसानों को राहत, हर जिले में एक बड़ा कोल्ड स्टोरेज बनाएगी सरकार : राणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हर जिले में एक बड़ा कोल्ड स्टोरेज बनाएंगे ताकि फल एवं सब्जी उगाने वाले किसानों की उपज खराब न हो और वे अपनी उपज की बेहतर कीमत पा सकें। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा की वे मुख्यमंत्री द्वारा वित्त मंत्री के तौर पर ₹बजट 2025 -26 में की गई सभी घोषणाओं को निर्धारित अवधि में पूरी करें।

देरी करने पर अधिकारियों से जवाब -तलबी की जाएगी। राणा आज यहां अपने कार्यालय में बागवानी एवं अन्य अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने आज बागवानी विभाग से जुड़ी बजट घोषणाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को कहा कि कोल्ड प्लांट के लिए सोलर प्लांट से बिजली आपूर्ति करने के लिए स्टोरेज मालिक को प्रोत्साहित किया जाए। इस योजना के तहत किसानों/उद्यमियों के लिए 5000 मीट्रिक टन क्षमता तक के कोल्ड स्टोरेज की स्थापना हेतु विभागीय स्कीमों में 35 प्रतिशत अनुदान देने का प्रावधान है।



### हिसार और फतेहाबाद में अमरूद के लिए मंडी

बैठक में जब मंत्री श्याम सिंह राणा ने सिरसा में किन्नू फल के लिए अत्याधुनिक प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग प्लांट स्थापित करने की प्रगति रिपोर्ट बारे सवाल किया तो अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए ₹हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ द्वारा 3 एकड़ भूमि चिह्नित कर ली गई है और डीपीआर का ड्राफ्ट भी तैयार कर लिया गया है। कृषि मंत्री को यह भी जानकारी दी गई कि हिसार और फतेहाबाद में अमरुद के लिए भी एक अत्याधुनिक प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग प्लांट तथा मंडी स्थापित किए जाने की योजना है, इस बारे भी जल्द कार्य शुरू किया जाएगा।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय** पुत्र **राजेन्द्र** निवासी **गांव गढ़ी, थाना मुरथल जिला सोनीपत, हरियाणा** ने case **FIR No. 58/2025 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act, थाना मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **अजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामीज से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 58/2025 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act, थाना मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **02.09.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अंशुल सिंघल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–पश्चिम**
**कमरा नं. 268,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9516/WD/2025(Court Matter)**

## टेंडर नोटिस

### कार्यालय सिविल सर्जन, भिवानी

कार्यालय सिविल सर्जन, भिवानी में Chest X-Ray Services से सम्बन्धित कार्य करने हेतु आगामी एक वर्ष के लिए प्रैस टेण्डर के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**नियम व शर्तेः-**

प्रैस टेण्डर की आवेदन फीस Rs. 500/- (Non Refundable) है जो District Health & Family Welfare Society, Bhiwani के Bank Acc. No. 39206223017 IFSC Code:- SBIN0001531 Bank Name:- SBI Address Ghanta Ghar, Bhiwani. में जमा करवाकर दिनांक 04 अगस्त 2025 तक कार्यालय सिविल सर्जन, भिवानी के कमरा न0 216 में भुगतान की ऑनलाइन स्लिप जमा करके प्रैस टेण्डर से संबन्धित दस्तावेज प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदायें सिविल सर्जन कार्यालय, भिवानी में दिनाँक 12 अगस्त 2025 तक सायं 05:00 बजे तक पहुंच जानी चाहिएं। इसके बाद प्राप्त निविदायें प्रकिया में शामिल नहीं की जाएंगी। निविदायें सिविल सर्जन कार्यालय में दिनांक 18 अगस्त 2025 को सांय 3:00 बजे खोली जाएंगी। सभी सेवा प्रदाता एक पंजीकृत इकाई होनी चाहिए, राज्य निकायों/अन्य प्रासंगिक प्राधिकरणों (यदि कोई हो) से प्रासंगिक लाइसेंस होना चाहिए एवं जिला भिवानी में स्थित होना चाहिए। निविदाओं को पास व रद्द करने का पूर्ण अधिकार टेण्डर कमेटी व सिविल सर्जन महोदय का होगा।

**हस्ता/-उप सिविल सर्जन (खरीद),**
**कृते, सिविल सर्जन, भिवानी।**

पीआरडीएच 1058/11/1122/2026/36884/88/6 दि. 23.07.2025

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1427

मनकि भानेराम पुत्र जयमंगल उर्फ जयसिहं पुत्र खुबाराम, निवासी एवं बिस्वेदार गांव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 5265 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 623मिन/521/5, खाता न0 637 मिन, मु0 न0 7, किला न0 12(8–14), 13/1/1(1–19), 18/2/2(2–7), 19(8–0), 20/1(0–18), किते 5, तादादी रकबा 21 कनाल 18 मरले का 79/438 भाग, बकदर 3 कनाल 19 मरले (0.49375 एकड़) वाका रकबा मौजा याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 7, किला न0 13/1/1 मिन पूर्व (1–16), 18/2/2 मिन पूर्व (2–3), किते 2, तादादी रकबा 3 कनाल 19 मरले (0.49375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 23.07.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रू.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती बबीता श्री वेदपाल बबीता मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10703667) | शिव मंदिर के निकट गांव सिवारा तहसील व जिला भिवानी, हरियाणा पिन कोड-127032 में स्थित यू.आई.डी. नं. 611300497 सहित प्लॉट / मकान के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area-1799 Sq Ft, Built_Up_Area-1375 Sq Ft, Carpet Area-1100 Sq Ft. | रु. 478122/- (रुपये चार लाख अठहत्तर हजार एक सौ बाईस केवल) | 07-04-2025 | 21-07-2025 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुडगांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 24.07.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदाये आमंत्रित करते है। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-04-2025-26 | डीयूआई–जेएचएल सेक्शन पर संगरूर स्टेशन पर मुख्य लाइन के सीएसआर को बढ़ाने के प्रावधान के साथ 50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग हेतु कार्य। | 14.08.2025 | ₹ 62,17,760.71/- | ₹ 1,24,400/- | 05 महीने | 60 दिन | downloading through IREPS portal-NIL (₹ 5,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है।
2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास III Digital Signature Certificate होनी चाहिए।
3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होगे।
4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु है एवं इस प्रकार है **"Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE".**
5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये।

संख्या. **ETrU-T-04-2025-26** दिनांक **: 23.07.2025** **2233/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## कार्यालय महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक।

### विज्ञप्ति

शिक्षुक अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत निम्नलिखित शिक्षुओं के चयन को होना निश्चित हुआ है। जिसके लिये शिक्षुओं का विवरण निम्न प्रकार से है-

| क्रं. स. | पद का नाम | शिक्षुओं के रिक्त पद |
|---|---|---|
| 1. | MMV | 03 |
| 2. | D. Mech | 02 |
| 3. | Turner | 01 |
| 4. | Flect | 00 |
| 5. | Painter | 00 |
| 6. | Carpenter | 01 |
| 7. | Welder | 00 |
| 8. | TRF/Fitter | 02 |
| 9. | Plumber | 00 |
| 10. | Black Smith/ Sheet Metal worker | 01 |
| 11. | Stenoggrapher (Hindi) | 02 |
| | Total | 12 |

इच्छुक शिक्षु अपने मूल दस्तावेज सहित महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक (नया बस अड्डा रोहतक) के कार्यालय में आयेंगे। जहां उनके मूल दस्तावेज चैक किये जाएंगे। इच्छुक प्रार्थी अपना रजिस्ट्रेशन दिनांक 25.07.2025 से 05.08.2025 तक आनॅलाईन करवा सकते है। दिनांक 25.07.2025 से पहले व दिनांक 05.08.2025 को रात्रि 12 बजे के बाद किया गया रजिस्ट्रेशन मान्य नहीं होगा। सफल शिक्षुओं का चयन आई०टी०आई० के मार्कशीट की मैरिट के आधार पर किया जायेगा। आनलाईन आवदेन प्राप्त होने उपरान्त प्रशिक्षुओं को दस्तावेजो चैक करने हेतू दिनांक 05.08.2025 को रोहतक आगार की कर्मशाला में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। मूल दस्तावेज चैक करने उपरान्त सूची अनुसार चयनित रिक्त पड़े पदों के विरूद्ध सफल प्रार्थियों को यथाशीघ्र शिक्षुता हेतु लगा लिया जाएगा। (www.appernticeshipindia.org)

**-Sd-महाप्रबन्धक,**
**हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक**

पीआरडीएच 1119/11/695/2026/36916/88/6 दि. 23.07.2025

## भौतिक कब्जा सूचना

**ICICI Home Finance** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय :** प्रथम तल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटलस रोड, निकट सुभाष चौक, सोनीपत-131001

चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सोना देवी (कर्जदार), राजेन्द्र (सह-कर्जदार) नीलम देवी (सह-कर्जदार) LHSNP00001367637. | मकान एआर बलराज नगर देवीलाल नगर, किल्ला नं. 272891 गोहाना सोनीपत हरियाणा एनए एनए सोनीपत हरियाणा - 131001 सोनीपत हरियाणा - 131001 (संदर्भ एलएएन नं. LHSNP00001367637). सीमाएं : उत्तर : प्लॉट रामपाल 25 फुट, दक्षिण : गली 25 फुट, पूर्व : अन्य प्लॉट, 45 फुट, पश्चिम : गली 45 फुट/ कब्जे की तिथि 21.07.2025 | 28-09-2022 रु. 95,962/- | सोनीपत |
| 2. | सोना देवी (कर्जदार), राजेन्द्र (सह-कर्जदार) नीलम देवी (सह-कर्जदार) LHSNP00001367640. | मकान एआर बलराज नगर देवीलाल नगर, किल्ला नं. 272891 गोहाना सोनीपत हरियाणा एनए एनए सोनीपत हरियाणा - 131001 सोनीपत हरियाणा - 131001 (संदर्भ एलएएन नं. LHSNP00001367640). सीमाएं : उत्तर : प्लॉट रामपाल 25 फुट, दक्षिण : गली 25 फुट, पूर्व : अन्य प्लॉट, 45 फुट, पश्चिम : गली 45 फुट/ कब्जे की तिथि 21.07.2025 | 28-09-2022 रु. 1,44,524/- | सोनीपत |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

**दिनांक : 24 जुलाई 2025,**
**स्थान : सोनीपत**

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**




# हिरासत में अधेड़ की मौत, परिजनों ने चौकी पर जड़ा ताला

## ■पत्नी की शिकायत पर डायल 112 टीम ने हिरासत में लेकर छोड़ा था चौकी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ परिजनों ने टार्चर का आरोप लगाया
■ मंगाली में तनाव पसरा

आजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव मंगाली निवासी एक व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। उसकी मौत से गुस्साए परिजनों ने पुलिस चौकी के बाहर जमकर नारेबाजी की और चौकी को ताला लगा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगाली झारा निवासी लगभग 48 वर्षीय संजय की मंगाली पुलिस चौकी में मौत हो गई। संजय की पत्नी की शिकायत पर डायल 112 पुलिस टीम ने उसे हिरासत में लेकर मंगलवार रात को पुलिस चौकी में छोड़ा था, जिसे बुधवार सुबह देखा तो मृत पाया गया। परिजनों को जैसे ही उसकी मौत की सूचना



दी गई तो वे नाराज हो गए और उन्होंने पुलिस पर तरह-तरह के आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। मृतक के बेटे व बहन ने पुलिस पर उसे टॉर्चर करने का आरोप लगाया। बाद में एकत्रित हुए लोगों ने पुलिस चौकी को ताला लगा दिया।

पुलिस चौकी में अधेड़ की मौत की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भी मौके पर पहुंचे और मामले की पूरी जानकारी ली। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और छानबीन की। उन्होंने पूरी पुलिस चौकी का निरीक्षण करके मृतक के परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को भी जांचा। संजय की मौत के असली कारणों का पता उसके पोस्टमार्टम के बाद ही चल पाएगा लेकिन गांव में पूरा दिन तनाव की स्थिति बनी रही।

### पत्नी ने शराब पीकर मारपीट करने की दी थी सूचना

मृतक संजय की पत्नी सुमित्रा ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और एक बेटी है। मंगलवार की शाम को उसका पति संजय उससे शराब पीकर मारपीट कर रहा था। डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। बुधवार सुबह आठ बजे पुलिस की एक गाड़ी आई और कहने लगे कि आपके पति की तबीयत ज्यादा खराब है, जल्दी चलो। जब चौकी आकर देखा तो पति मर चुके थे। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों का आरोप लगाया कि जिस कमरे में संजय का रखा गया था उसमें न पंखा था और न ही रोशनदान और उसका दम घुटने से मौत हो गई। परिजनों ने इस मामले में संलिप्त पुलिस कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। परिजन चौकी को ताला लगाकर उसके सामने धरने लगाकर बैठ गए। बाद में ग्रामीणों को समझा-बुझाकर ताला खुलवाया।

## यूट्यूबर अरमान मलिक की पत्नी को धार्मिक सजा

# काली माता मंदिर में सात दिन सफाई करेगी पायल, वीडियो बनाकर फंसीं

**चंडीगढ़।** हरियाणा के फेमस यूट्यूबर अरमान मलिक की पत्नी एवं बिग बॉस सीजन 3 में दिखीं पायल मलिक को मोहाली के काली माता मंदिर की कमेटी ने धार्मिक सजा सुनाई है। वह 7 दिन तक मंदिर की सफाई करेंगी। 8वें दिन कंजक पूजन करेंगी। पायल ने हाल ही में मां काली के वेश में एक वीडियो बनाई थी, जिसका धार्मिक संगठनों ने विरोध किया। इसको लेकर मोहाली पुलिस को शिकायत भी दी गई थी। इसके बाद मंगलवार (22 जुलाई) को वह पति अरमान के साथ पटियाला स्थित काली माता मंदिर में पहुंचीं। यहां उन्होंने माफी मांगी थी।



इस दौरान उन्होंने मंदिर में बर्तन धोने की सेवा भी की थी। इसके बाद अरमान मलिक मोहाली के खरड़ भी पहुंचे थे। हालांकि उस समय उनकी पत्नी नहीं पहुंची थी। उन्होंने उस समय भी माफी मांगी थी। इसके बाद वह बुधवार को पत्नी पायल और बच्ची को लेकर मंदिर में पहुंचे। यहां धार्मिक संगठनों के मेंबर भी मौजूद थे।

# ऑनलाइन गेमिंग की लत ने छीनी जिंदगी, 12वीं के छात्र ने फंदा लगाया

**करनाल ।** शहर में 12वीं क्लास में पढ़ने वाले एक छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह दिनभर घर में अकेला था, स्कूल और ट्यूशन दोनों नहीं गया। मां कॉलेज में ड्यूटी पर थीं, जबकि पिता गुरुग्राम में ड्यूटी पर थे, वो हरियाणा पुलिस के कर्मचारी हैं। रात को जब मां घर लौटीं तो बेटे का शव कमरे में लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। देर रात पिता भी गुरुग्राम से करनाल पहुंचे। मरने वाला लड़का बसंत 16 साल का था।

वह करनाल के दयाल सिंह स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था। उसकी मां दयाल सिंह कॉलेज में लेक्चरर हैं और पिता कृष्ण कुमार गुरुग्राम में आईजी ऑफिस में दर्जा 4 कर्मचारी हैं। 22 जुलाई को बसंत न तो स्कूल गया और न ही ट्यूशन। वह पूरे दिन घर में अकेला था। जब मां ड्यूटी से लौटीं तो बेटे को कमरे में पंखे से लटका पाया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया और जांच शुरू की गई। इस दौरान कमरे से पुलिस को सुसाइड नोट बरामद हुआ।

### सुसाइड नोट में लिखा- लव यू पापा, मेरी टेंशन मत लेना, बाय-बाय

कमरे से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें छात्र ने लिखा- लव यू पापा, मेरी टेंशन मत लेना, बाय-बाय। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि छात्र ऑनलाइन गेमिंग ऐप में पैसे लगाता था। 2 दिन में उसने दो बार पिता से 20-20 हजार रुपए मांगे थे। आत्महत्या की वजह भी इसी से जुड़ी हो सकती है, हालांकि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# डाक कावड़ लेने गया हांसी का युवक 1100 फुट गहरी खाई में गिरा, मौत

**हांसी।** उमरा गांव से अपने मामा के लड़कों के साथ डाक कावड़ लेने गए 18 वर्षीय युवक दीपक की खाई में गिरने से मौत हो गई। दीपक अपने मामा के लड़कों के साथ डाटा गांव से 14 जुलाई को कावड़ लेने गोमुख गया था और जब वह 20 जुलाई को गोमुख से कावड़ लेकर वापस लौट रहा था, तो उत्तरकाशी में गर्म चश्मा के पास लगे जाम को क्रॉस करने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह करीब 1100 फुट गहरी खाई में जा गिरा। दीपक को खाई को खाई में गिरते देख उसके मामा के लड़कों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। वहीं कावड़ लेकर जा रहे युवक के खाई में गिरने की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और दो दिन के कठिन रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद करीब 1100 फीट नीचे दीपक का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए उत्तरकाशी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। परिजन मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे शव लेकर गांव के लिए रवाना हुए। मंगलवार शाम को गमगीन माहौल में उमरा गांव में दीपक के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### 11वीं का छात्र था दीपक




दीपक गांव के ही सैनिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 11वीं कक्षा का छात्र था और वह अपने माता-पिता की इकलौता बेटा था। परिवार में अब उसकी एक बहन है। उसके पिता बारु राम गांव में खेतीबाड़ी करते हैं। वहीं हादसे की सूचना के बाद उसके मामा के गांव डाटा में भी शोक की लहर दौड़ गई।

# पिता से मारपीट से खफा युवक ने चचेरे भाई को मार डाला

**जींद।** गांव बागडू खुर्द में लगभग एक सप्ताह पहले व्यक्ति की हत्या उसके चचेरे भाई ने मृतक द्वारा उसके पिता के हाथ-पांव तोड़ने से खफा होकर की थी। सदर थाना सफीदों पुलिस ने गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव बागडू खुर्द निवासी जितेंद्र (45) की गत 15 जुलाई की रात को गांव शिव मंदिर के पीछे तालाब किनारे बने उसके पशुबाड़े के चबुतरे पर हत्या कर दी गई थी। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के बेटे की जतिन की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। मृतक के खिलाफ भी सदर थाना सफीदों के अलावा जींद शहर थाना में हत्या के मामले दर्ज थे। पुलिस मामले की अलग-अलग एंगल से जांच कर रही थी। पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो हत्यारा मृतक का साढ़े 18 वर्षीय चचेरा भाई निकला।

### पशुबाड़े में सरिये पीट-पीटकर की हत्या

पुलिस ने सूर्या से पूछताछ की तो उसने हत्या की बता स्वीकार कर ली। पुलिस पूछताछ मे बताया कि मृतक जितेंद्र अपराधिक प्रवृत्ति था। उसके परिवार पर रौब झाड़ता था। वर्ष 2019 में जितेंद्र ने उसके पिता दलबीर का हाथ तथा पांव तोड़ दिया था। उस दौरान वह बालक था। जिसके बाद वह घर छोड़ कर बाहर पशु डेयरी में काम करने लगा। जितेंद्र अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। वह नशे का कारोबार भी करता था। वे काफी परेशान हो चुके थे। जिसके चलते उसने जितेंद्र की हत्या की योजना बनाई। फिर 15 जुलाई को उसने पशुबाड़े में मौका मिल गया और सीरिये से ताबड़तोड़ वार उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर वह फरार हो गया। सदर थाना सफीदों प्रभारी डा. सुनील ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई ने ज्यादतियों से तंग आकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।



# टाइटन होगा दुबई की लग्जरी ज्वेलरी फर्म का मालिक? खरीदी 67% हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा ग्रुप की ज्वेलरी और वॉच मेकर टाइटन कंपनी ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने दुबई की लग्जरी ज्वेलरी फर्म दमास में 67 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का फैसला लिया है, जिसकी कीमत करीब 2,438 करोड़ रुपए है।

यह डील टाइटन को पश्चिम एशिया में अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद करेगी, खासकर खाड़ी देशों (जीसीसी) में। इस डील के तहत टाइटन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टाइटन होल्डिंग्स इंटरनेशनल एफजेडसीओ ने कतर की मन्नई कॉर्पोरेशन से यह हिस्सेदारी खरीदने का समझौता किया है। डील को 31 जनवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है, बशर्ते नियामक मंजूरी मिल जाए। इसके अलावा, टाइटन को 31 दिसंबर 2029 के बाद बाकी 33 प्रतिशत हिस्सेदारी भी खरीदने का विकल्प होगा। यह पैसा टाइटन अपनी बचत, नकदी और कर्ज से जुटाएगी। यह जानकारी भी कंपनी के आधिकारिक स्त्रोतों से ली गई है।

इस कदम को टाइटन की इंटरनेशनल एक्सपेंशन स्ट्रैटजी का हिस्सा माना जा रहा है। कंपनी पहले से ही अमेरिका और सिंगापुर में स्टोर चला रही है और अब दमास के जरिए वह स्थानीय और अन्य राष्ट्रीयताओं के ग्राहकों तक पहुंच बनाना चाहती है। टाइटन के एमडी सीके वेंकटरमन के बयान और कंपनी की रणनीति के आधार पर यह कहा जा सकता है कि यह कदम नई संभावनाएं खोलेगा और सप्लाई चेन, रिटेल नेटवर्क और टैलेंट में सहयोग बढ़ाएगा।

**टाइटन ने दमास में खरीदी 67 प्रतिशत हिस्सेदारी**




### कंपनी के 146 स्टोर यूएई में

दमास की शुरुआत 1907 में हुई थी। यह खाड़ी देशों में एक मशहूर ज्वेलरी ब्रांड है और इसके 146 स्टोर यूएई, सऊदी अरब, कतर, ओमान, कुवैत और बहरीन में हैं। वहीं, टाइटन के तनिष्क ब्रांड के अभी 13 स्टोर हैं, जिनमें से 10 यूएई में हैं। यह डील टाइटन को दमास के बड़े नेटवर्क और ब्रांड वैल्यू का फायदा देगी। विशेषज्ञों के अनुमान और बाजार ट्रेंड्स के आधार पर कहा जा सकता है कि इससे टाइटन का वैश्विक ज्वेलरी बाजार में कद बढ़ेगा, खासकर जीसीसी के 1.21 लाख करोड़ रुपए के बाजार में, जो सालाना 6% की रफ्तार से बढ़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### वेदांता को कर्नाटक में लौह अयस्क खदान मिली

**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड ने नीलामी प्रक्रिया के जरिये कर्नाटक में एक लौह अयस्क खदान हासिल की है। वेदांता लिमिटेड ने बुधवार को बीएसई को दी गई सूचना में बताया कि कंपनी जंथाकल लौह अयस्क खदान के लिए आयोजित नीलामी में प्रमुख बोलीदाता बनकर उभरी। कर्नाटक के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने उक्त ब्लॉक के संबंध में खनन लाइसेंस प्रदान करने को पिछले साल नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए निविदाएं आमंत्रित की थीं।

### रुपया तीन पैसे टूटकर 86.41 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर में मजबूती और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच रुपया बुधवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में कमजोर हुआ और तीन पैसे टूटकर 86.41 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के जापान के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद वैश्विक रुझानों के अनुरूप कच्चे तेल की कम कीमतों और घरेलू शेयर बाजारों में भारी लिवाली से घरेलू मुद्रा को कुछ समर्थन मिला।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### जापान और कुछ अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार समझौता

# व्यापार समझौतों से कुछ एशियाई देशों को शुल्क से राहत, अन्य को अब भी इंतजार

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान और कुछ अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार समझौतों की घोषणा की है, जिससे कंपनियों एवं उपभोक्ताओं पर अमेरिका को उनके निर्यात पर अत्यधिक उच्च शुल्क से पड़ने वाले दबाव में कुछ राहत मिलेगी।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि चीन के साथ वार्ता को अधिक समय देने को 12 अगस्त की समयसीमा को फिर से आगे बढ़ाया जा सकता है। भारत के साथ बातचीत की स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, इसकी प्रगति देश के अत्यधिक संरक्षित कृषि क्षेत्र पर निर्भर प्रतीत होती है। देश पर 26 प्रतिशत शुल्क का खतरा मंडरा रहा है। अप्रैल से लगभग हर देश को अमेरिका में प्रवेश करने वाले उत्पादों पर अन्य क्षेत्रीय शुल्कों के अलावा न्यूनतम 10 प्रतिशत के आधार शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही इस्पात व एल्युमीनियम के अमेरिकी आयात पर भारी शुल्क अब भी लागू हैं और दक्षिण कोरिया तथा थाइलैंड सहित कई अन्य देशों ने अभी तक कोई समझौता नहीं किया है।

**अमेरिका को उच्च शुल्क से पड़ने वाले दबाव में कुछ राहत मिलेगी**



### स्वीडन में अभी एक और दौर की बातचीत होनी है

बेसेंट ने 'फॉक्स बिजनेस' के साथ बातचीत में मंगलवार को कहा कि चीन के साथ शुल्क की समयसीमा 12 अगस्त है, लेकिन इसे बढ़ाए जाने की संभावना है। दोनों पक्षों के बीच अगले सप्ताह की शुरुआत में स्वीडन में एक और दौर की बातचीत होनी है। इस बीच, ट्रंप ने कहा कि जल्द ही वह चीन यात्रा पर जा सकते हैं, जिससे अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों को स्थिर करने के प्रयासों का संकेत मिलता है।

### दक्षिण कोरिया से समझौते की कोई खबर नहीं

जून में घोषित प्रारंभिक समझौते ने चीन के लिए दुर्लभ खनिजों, उच्च प्रौद्योगिकी और अन्य विनिर्माण के लिए महत्वपूर्ण खनिजों के निर्यात पर कुछ प्रतिबंध हटाने का मार्ग प्रशस्त किया। दक्षिण कोरिया और अन्य एशियाई देशों के लिए अभी तक किसी समझौते की कोई खबर नहीं है। एक अगस्त की समयसीमा नजदीक आने से एशिया और अन्य स्थानों के कुछ देशों पर दबाव बढ़ रहा है।

### जापान पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया

ट्रंप और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने बुधवार को एक समझौते की घोषणा की जिसके तहत जापान से अमेरिकी आयात पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा, जो अमेरिका द्वारा पहले प्रस्तावित 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क से कम है।

### फिलीपीन पर 19 प्रतिशत का शुल्क लगेगा

ट्रंप ने फिलिपीन और इंडोनेशिया के साथ भी व्यापार समझौतों की भी घोषणा की। फिलिपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ बैठक के बाद ट्रंप ने कहा कि उनके देश से आयातित उत्पादों पर 19 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। यह पहले प्रस्तावित 20 प्रतिशत शुल्क से केवल एक प्रतिशत कम है।

### इंडोनेशिया को 19 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ेगा

इंडोनेशिया को भी 19 प्रतिशत शुल्क सामना करना पड़ेगा, जो कि पहले प्रस्तावित 32 प्रतिशत की दर से कम है। इससे पहले, ट्रंप ने घोषणा की थी कि वियतनाम के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा, जो चीन से आने वाले सामान पर दोगुना होगा। हालांकि, इसकी कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

### भारतीय पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार

## 8 पायदान की लगाई छलांग, 59 देशों में वीजा मुक्त यात्रा संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने जनवरी 2025 के बाद से अपनी पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार दर्ज किया है, और 85वें से 77वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत की पासपोर्ट रैंकिंग 8 स्थान ऊपर चढ़ गई है। भारत को 59 देशों के लिए वीजा पहुंच प्राप्त हो गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग में इसकी पुष्टि हुई है। सिंगापुर ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, उसे दुनिया भर के 227 गंतव्यों में से 193 तक वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान की गई है। जुलाई 2025 में प्रकाशित यह रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के विशिष्ट आंकड़ों पर आधारित हैजहां पासपोर्ट बिना पूर्व वीजा के प्रवेश की अनुमति देता है। एशियाई पड़ोसी देश जापान और दक्षिण कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जहां प्रत्येक को 190 गंतव्यों तक वीजा-मुक्त पहुंच प्राप्त है। नई रैंकिंग के अनुसार, भारत की वीजा-मुक्त पहुंच में दो नए स्थान जुड़े हैं। इसका श्रेय राजनयिक पहुंच और द्विपक्षीय समझौतों में वृद्धि है। यूरोपीय संघ (ईयू) के सात देश- डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन- संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, और प्रत्येक देश के पासपोर्ट पर 189 देशों में बिना वीजा के यात्रा की जा सकती है। चौथे स्थान पर ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल और स्वीडन हैं। इन देशों के पासपोर्ट पर 188 देशों की यात्रा की जा सकती है। न्यूजीलैंड, ग्रीस और स्विजरलैंड भी शीर्ष पांच देशों में शामिल है, और इनका पासपोर्ट पर 187 देशों के लिए वीजा मुक्त पहुंच प्रदान करता है।

NOTICE
I, Prabhnoor D/o Sh. malvinder Singh R/o H.No. 1156/24, Jagdish Colony, Rohtak declare that my name is Prabhnoor as per my documents Viz Matriculation, Senior Secondary, Adhar Card, Pan No. etc. but now I want to change my name as 'Prabhnoor Kaur' from 'Prabhnoor'. In future I may be known as 'Prabhnoor Kaur' instead of Prabhnoor.

### सेंसेक्स 540 अंक चढ़ा निफ्टी 25,200 अंक पार

**मुंबई।** एशियाई बाजारों में मजबूत रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 540 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,200 अंक के पार पहुंच गया। जापान और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के बाद एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच बैंक और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 539.83 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,726.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 599.62 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,219.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 37 लाभ में जबकि 13 नुकसान में रहे। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स में सर्वाधिक 2.51 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, मारुति, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

## इन्फोसिस का जून तिमाही का मुनाफा 8.6 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी इन्फोसिस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 8.6 प्रतिशत बढ़कर 6,921 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने अपेक्षा से अधिक वृद्धि के बाद चालू वित्त वर्ष में राजस्व में एक से तीन प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। बेंगलुरु मुख्यालय वाली कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की समान तिमाही में 6,368 करोड़ रुपये था। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए राजस्व वृद्धि के निचले स्तर के लक्ष्य को बढ़ा दिया है। अब यह स्थिर मुद्रा में एक से तीन प्रतिशत है, जबकि वित्त वर्ष की शुरुआत में यह शून्य से तीन प्रतिशत था। इन्फोसिस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में 7.53 प्रतिशत बढ़कर 42,279 करोड़ रुपये पर पहुंच गई,

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 7 और 8 एम.सी. रोहतक में पोटहोल्स की मरम्मत, रखरखाव और विविध सिविल कार्य। | 22.07.2025 29.07.2025 | रु.45,20,880/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36911/I/88/6 दि. 23.07.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरा एमएसडब्ल्यू का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों / हस्तांतरण स्टेशनों/ प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन। | 07.07.2025 28.07.2025 | रु.17,29,86,000/- | eemcnarnaul@gmail.com | 9050120188 eo-narnaul@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे का प्रसंस्करण। | 07.07.2025 29.07.2025 | रु.9,35,43,000/- | eemcnarnaul@gmail.com | 9255126426 eo-narnaul@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36912/I/88/6 दि. 23.07.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | आरजीटीपीपी, खेदड़, हिसार को कास्ट आयरन पाइप्स की आपूर्ति। | 22.07.2025 19.08.2025 | ईएमडी रु. 5,84,200/- | https://etenders.hry.nic.in | 9315164637 mm1.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36914/I/88/6 दि. 23.07.25

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## एडीबी ने भारत के वृद्धि अनुमान को घटाया

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने व्यापार अनिश्चितता और अमेरिका के उच्च शुल्क को लेकर चिंताओं के बीच वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर बुधवार को 6.5 प्रतिशत कर दिया।
जुलाई के एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में अप्रैल 2025 की तुलना में गिरावट के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। जुलाई के एशियाई विकास परिदृश्य के अनुसार, '' यह संशोधन मुख्य रूप से अमेरिकी शुल्क और उससे जुड़ी नीतिगत अनिश्चितता के प्रभाव के कारण किया गया है। कम वैश्विक वृद्धि के प्रभावों और भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क के प्रत्यक्ष प्रभाव के अलावा बढ़ी हुई नीतिगत अनिश्चितता निवेश प्रवाह को प्रभावित कर सकती है।'' इसमें कहा गया कि इसके बावजूद आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं और ग्रामीण मांग में सुधार से घरेलू खपत में जोरदार वृद्धि होने की उम्मीद है।


## अमूल ब्रांड के संचालक अशोक चौधरी जीसीएमएमएफ के चेयरमैन निर्वाचित

**गुजरात।** सहकारी नेता अशोक चौधरी 'अमूल' ब्रांड का संचालन करने वाली सहकारी संस्था 'गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ' (जीसीएमएमएफ) के निर्विरोध चेयरमैन चुने गए। यह महासंघ गुजरात और देश के कई अन्य राज्यों में दूध और डेयरी उत्पादों का विपणन करता है। दूध उत्पादक संघ जीसीएमएमएफ



(अमूल) के नए चेयरमेन के रूप अशोक चौधरी का चयन हुआ। इसके साथ ही राजकोट डेरी के चेयरमैन गोरधन धामेलिया को वाइस चेयरमेन बनाया गया है। 1973 में हुई थी गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन की शुरुआतजीसीएमएमएफ का कारोबार 80,000 करोड़ रुपए से अधिक है। 9 जुलाई 1973 को डॉ. कुरियन ने राज्य के 18 दुग्ध उत्पादक संघों को एक छत के नीचे लाकर गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) ) की स्थापना की थी। डॉ. कुरियन तीन दशक तक इसके अध्यक्ष पद पर रहने के बाद राजनीति का प्रवेश हुवा और 2012 से महासंघ के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की नियुक्ति राजनीतिक तरीके से होती रही है।-अगले कार्यकाल के लिए चुने गए चेयरमैनराज्य में अधिकांश दुग्ध उत्पादक संघ भाजपा से प्रेरित हैं। पिछले साल 55 हजार करोड़ से ज्यादा टर्न ओवर करने वाली जीसीएमएमएफ के अगले कार्यकाल के लिए चेयरमैन और वाइस चेयरमैन घोषित हुए हैं। यह घोषणा आणंद जिला कलेक्टर प्रवीण कुमार चौधरी चुनाव अधिकारी की मौजूदगी मे हुई है।

### शब्द पहेली - 5937




**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली- 5936 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| य | ह | | | म | | य | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |



# अखिलेश की मस्जिद में बैठक पर भाजपा ने जताई आपत्ति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के दिल्ली में संसद भवन के पास स्थित एक मस्जिद में कथित तौर पर बैठक करने पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा की तरफ से कहा गया है कि अखिलेश ने मस्जिद को सपा का दफ्तर बना दिया, जिसपर अब समाजवादी पार्टी के मुखिया ने जवाब दिया है। बैठक पर अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि आस्था जोड़ती है और जो आस्था जोड़ने का काम करती है हम उसके साथ हैं। भाजपा को यही तकलीफ है कि कोई जुड़े नहीं। इस बीच यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि अखिलेश को टोपी पहनकर जाना चाहिए था। अब इस बयान पर अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए बीजेपी को 'नकारात्मक सोच वालों का समूह' करार दे दिया है।

## भाजपा चाहती है कि लोग एकजुट न होकर बंटे रहें : नदवी

अखिलेश यादव ने बीते दिनों दिल्ली में मस्जिद में पार्टी नेताओं के साथ बैठक की थी। इसकी तस्वीर सामने आई तो बीजेपी और उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने आपत्ति जताई। अब इस पर मस्जिद के इमाम और रामपुर से सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने बुधवार को कहा कि ये परसों 3 बजे की बात है। हमें अफसोस है कि मुल्क जिस हालात से गुजर रहा है और जो चर्चाएं होनी चाहिए थीं, बीजेपी ने उन मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए एक मामूली सी बात पर लोगों का ध्यान लगा दिया है। संसद के मानसून सत्र में हिस्सा ले रहे अखिलेश यादव संसद भवन के पास वाली मस्जिद में सपा सांसदों के साथ बैठे थे, जैसे ही उनकी फोटो सामने आई, इस पर भाजपा ने मुद्दा बनाना शुरू कर दिया। वहीं, इस मामले को लेकर अब राजनीति गरमा गई है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने तस्वीर शेयर करते हुए आरोप लगाया कि अखिलेश ने इस मस्जिद को समाजवादी पार्टी कार्यालय बना दिया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने कड़ी आपत्ति जाहिर की। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लोगों में दूरियां देखना चाहती है।



### भाजपा का हथियार ही धर्म

भाजपा चाहती है कि लोग एकजुट न होकर बंटे रहें। हमारी सभी धर्मों में आस्था है। भाजपा को तकलीफ है तो हम क्या करें। भाजपा को आप सब जानते हैं, भाजपा का हथियार ही धर्म है। सांसद और मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी कहा कि अखिलेश यादव से मैंने दरखास्त की थी कि संसद शुरू होने में अभी 1 घंटा बाकी है तो मस्जिद विजिट कर लें। उनको शौक भी है, पुरानी तमाम जगहों पर जाते रहते हैं।

# समाज और श्रमिकों पर नई प्रौद्योगिकियों के प्रभाव का आकलन करने की जरूरत : मोहन भागवत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को समाज और श्रम बाजार पर उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रभाव का आकलन करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इनका रोजगार के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने असंगठित क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके



- इनके रोजगार के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े
- असंगठित क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता

कि श्रमिकों को अपने नियोक्ताओं द्वारा किसी भी प्रकार के शोषण का सामना न करना पड़े। इस कार्यक्रम में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया तथा विभिन्न मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। भागवत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और इसके उपयोग से जुड़ी चिंताओं का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, ''प्रौद्योगिकी आ रही है... जब नई प्रौद्योगिकियां आती हैं, तो वे साथ में कई नए प्रश्न भी लेकर आती हैं। बेरोजगारी का क्या होगा? क्या इससे बेरोजगारी घटेगी या बढ़ेगी?'' उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी मानव स्वभाव को ''कुछ हद तक कठोर'' बना देती है और "कहीं न कहीं" श्रम के प्रति सम्मान को कम कर देती है। संघ प्रमुख ने कहा, ''प्रौद्योगिकी को अस्वीकार नहीं किया जा सकता।

### नई समस्याओं के बजाय खुशहाली आनी चाहिए

उन्होंने कहा, ''नई प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल से समाज में नई समस्याएं पैदा होने के बजाय, खुशहाली आनी चाहिए। इसीलिए इस मुद्दे पर विचार करने और कार्रवाई करने की आवश्यकता है। हमें यह करना ही होगा।" भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) आरएसएस से संबद्ध संगठन है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मांडविया ने कहा कि विभिन्न मजदूर संगठनों की कार्य संस्कृति अलग-अलग होती है, जो उनकी विचारधाराओं के अनुरूप होती है, लेकिन बीएमएस ने अपनी कार्य संस्कृति को भारतीय जीवनशैली के अनुरूप तैयार किया है, ''जो मेरे साथ श्रम मुद्दों पर उसकी चर्चा में परिलक्षित होता है।"

## खबर संक्षेप


### 'अपमान' से परेशान छात्र ने की खुदकुशी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक कॉलेज छात्र की खुदकुशी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां सहपाठियों के द्वारा अपमान से परेशान 22 वर्षीय एक छात्र ने खुदकुशी कर ली। उसने सुसाइड नोट में किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है, लेकिन माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने 3 सहपाठियों के खिलाफ उकसाने का केस दर्ज किया है। लड़के ने कोई नाम नहीं लिखा था।



### कम उम्र में इंडियन इंफ्लुएंसर की मौत

**नई दिल्ली।** अपने मजाकिया मीम्स और दिल को छू लेने वाले फ़ोटोशॉप एडिट्स के लिए मशहूर, नास्तिक कृष्णा ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। कृष्णा के क्रिएटीव कंटेंट ने बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसी हस्तियों को हंसाया है। कृष्णा पुरानी, फटी हुई तस्वीरों को संवारने के लिए भी जाने जाते थे,लोगों को मुस्कान आ जाती थी।



### 56 युवतियों को मानव तस्करी से बचाया

**कोलकाता।** न्यू जलपाईगुड़ी-पटना कैपिटल एक्सप्रेस में जहां रेलवे कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता ने 56 युवतियों को मानव तस्करी का शिकार बनने से बचा लिया। ये महिलाएं पश्चिम बंगाल के दूरदराज जिलों से थीं, जिन्हें बेंगलुरु में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बिहार भेजा जा रहा था। उनके हाथ पर कोच और सीट नंबर की मुहर थी।



### आय से अधिक संपत्ति में 8 के घर पर छापा

**बेंगलुरु।** लोकायुक्त के अधिकारियों ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में एक आईएएस अधिकारी समेत 8अधिकारियों से जुड़े परिसरों में छापेमारी की। आईएएस अधिकारी वसंती अमर बी वी रेलवे अवसंरचना विकास कंपनी, कर्नाटक (के-राइड) में विशेष उपायुक्त के रूप में तैनात थीं। भूमि अधिग्रहण अनुभाग संभाल रही थीं।



### पुराने वाहनों पर प्रतिबंध एनजीटी ने लगाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों के उपयोग पर प्रतिबंध सरकार ने नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाया गया है। सरकार की वाहन कबाड़ नीति (व्हीकल स्क्रैपिंग पॉलिसी) के तहत 15 साल पुराने वाहनों के चलने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।



## दोनों सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाए

# तीसरे दिन भी संसद में जारी रहा गतिरोध, अगले सप्ताह हो सकती है ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों में विपक्षी दलों के सदस्यों द्वारा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर हंगामे के कारण बुधवार को लगातार तीसरे दिन गतिरोध कायम रहा, वहीं अगले सप्ताह लोकसभा एवं राज्यसभा में पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा कराये जाने के आसार हैं। लोकसभा एवं राज्यसभा में बुधवार को विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे के उपरांत पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। दोनों सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाए। लोकसभा में सरकार की ओर से दो विधेयक पेश किए गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी थी कि सदन में तख्तियां लेकर आने वाले सांसदों पर उन्हें निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी। लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी की और तख्तियां लहराईं, जिन पर एसआईआर विरोधी नारे लिखे हुए थे। उन्होंने बिहार में एसआईआर की कवायद, पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर को रोकने और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावों समेत कुछ विषयों पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। बिरला ने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, ''संसद और संसद परिसर के अंदर आपका व्यवहार, आचरण और कार्यपद्धति मर्यादित होने चाहिए।



### नोटिस अस्वीकार किए जाने पर विपक्षी सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया

नोटिस अस्वीकार किए जाने पर विपक्षी सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया और हंगामा करने लगे। कुछ सदस्य अपने स्थानों से आगे भी आ गए। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण उच्च सदन में प्रश्नकाल भी नहीं चल सका। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई विपक्षी दलों के नेता अपने अपने मुद्दों पर चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे थे। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी भी सदन में मौजूद थीं। दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे बैठक शुरू होने पर पीठासीन अध्यक्ष भुवनेश्वर कालिता ने पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल को समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक, 2025 विचार करने एवं पारित करने के लिए पेश करने को कहा।

### *हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों को अध्यक्ष बिरला ने दी नसीहत*



बिरला ने कहा कि देश की जनता ने आप लोगों को अपनी आवाज, कठिनाई, चुनौतियों, देश से जुड़ें मुद्दों और नीतियों पर चर्चा के लिए भेजा है।" हंगामे के बीच ही खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक 2025 सदन में पेश किए। राज्यसभा में सदन की बैठक शुरू होने पर शून्यकाल में उप सभापति हरिवंश ने कहा कि नियत कामकाज स्थगित कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उन्हें नियम 267 के तहत 25 नोटिस मिले हैं। उपसभापति ने बताया कि पूर्व में दी गई व्यवस्था के अनुपालन में ये नोटिस अस्वीकार कर दिए गए।

### उच्च सदन में उपसभापति हरिवंश की अध्यक्षता में बैठक हुई।

उच्च सदन की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की आज उपसभापति हरिवंश की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें विपक्षी दलों के सदस्यों ने अगले सप्ताह से पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दो दिवसीय चर्चा कराए जाने तथा इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सदन के नेता एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा तथा संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू भी शामिल हुए। राज्यसभा के निवर्तमान सभापति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद पहली बार यह बैठक आयोजित हुई। धनखड़ ने मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके चलते बीएसी की बैठक का समय सोमवार के बाद बार-बार बदला गया।

### विपक्ष ने उठाई चर्चा की मांग

बैठक के बाद राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संवाददाताओं से कहा, ''राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आज उपसभापति हरिवंश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूरे विपक्ष ने मांग की कि पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा अगले सप्ताह से शुरू की जाए।" तिवारी के अनुसार, यह मांग की गई कि पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में चर्चा शुरू होने के अगले दिन, इसे राज्यसभा में शुरू किया जाए।

### कोई प्रस्ताव पारित न हो

उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष चाहता है कि चर्चा के दौरान कोई प्रस्ताव पारित न किया जाए और चर्चा सामान्य तरीके से चले। तिवारी ने दावा किया, ''हमने मांग की है कि चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री को सदन में मौजूद रहना चाहिए और इस संबंध में सरकार से आश्वासन भी मिला है। संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद हंगामे के कारण दोनों सदनों में लगातार गतिरोध बना हुआ है।

### चर्चा के लिए 16-16 घंटे निर्धारित

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी। पिछले 3 दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर रहा है। तीन दिनों में दोनों सदनों में लगातार एक-आधे घंटे भी कार्यवाही नहीं चल सकी।

## दाल में कुछ काला है

# ट्रंप ने 25 बार किया युद्ध रुकवाने का दावा : राहुल



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मध्यस्थता संबंधी दावा फिर से किए जाने के बाद बुधवार को कहा कि ट्रंप ने ''ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने" की बात 25 बार की है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोई बयान नहीं दे रहे, जिससे स्पष्ट है कि ''दाल में कुछ काला है।" राहुल ने यह आरोप भी लगाया कि मोदी सरकार ने विदेश नीति की धज्जियां उड़ा दी हैं और पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान किसी देश ने भारत का समर्थन नहीं किया। ट्रंप ने मंगलवार को 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''हमने भारत और पाकिस्तान तथा कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा के बीच युद्ध रुकवाए।" ट्रंप ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव का जिक्र करते हुए कहा, ''उन्होंने पांच विमान मार गिराए।...

### जो देशभक्त कहते हैं, वो भाग खड़े हुए

*मैंने उन्हें फोन किया और कहा, 'सुनो, अब और व्यापार नहीं। अगर आप ऐसा करेंगे तो इससे आपका कोई भला नहीं होगा।' ... वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं और कौन जानता है कि इसका क्या नतीजा होता। मैंने इसे रुकवा दिया।" कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''पूरी दुनिया जानती है कि ट्रंप ने युद्धविराम करवाया है...हम रक्षा से जुड़ी समस्याओं, रक्षा उद्योग और ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में चर्चा करना चाहते हैं। हालात अच्छे नहीं है, पूरा देश जानता है।" उन्होंने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''जो अपने आप को देशभक्त कहते हैं, वो भाग खड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री एक बयान नहीं दे पा रहे हैं। ट्रंप ने 25 बार बोला है कि मैंने युद्धविराम करवाया है। ट्रंप कौन होते हैं युद्धविराम कराने वाले। प्रधानमंत्री ने इस पर एक बार भी बयान नहीं दिया है।"*

# जम्मू कश्मीर में परिसीमन हो गया, चुनाव हो गए, सरकार बहाल हो गई, पर पूर्ण राज्य का क्यों दर्जा नहीं : कांग्रेस

## *विपक्षी दल ने आंदोलन को तेज करने की घोषणा की*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने आज जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर अपने आंदोलन को और तेज करने की घोषणा की। पार्टी ने कहा कि यह न केवल भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बार-बार किए गए वादों का हिस्सा भी है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनके हक से वंचित रखा जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में

- जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनके हक से वंचित रखा जा रहा

जम्मू-कश्मीर कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता जीए मीर, पूर्व मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के प्रभारी महासचिव डॉ. नसीर हुसैन और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता रविंदर शर्मा शामिल थे। नेताओं ने एक स्वर में कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के रूप में जम्मू-कश्मीर के लोग कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं, क्योंकि उनकी चुनी हुई सरकार के अधिकार सीमित हैं और प्रशासन पर उपराज्यपाल (एलजी) का नियंत्रण है।

### प्रधानमंत्री को याद दिलाया वायदा

जीए मीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जून 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने परिसीमन, विधानसभा चुनाव और फिर राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया का जिक्र किया था। मीर ने बताया कि उस समय अधिकांश राजनीतिक प्रतिनिधियों ने पहले राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की थी, लेकिन पीएम ने परिसीमन, फिर चुनाव और उसके बाद राज्य का दर्जा देने पर जोर दिया था। उन्होंने कहा, ''परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, चुनाव भी हो चुके हैं और पिछले 11 महीनों से जम्मू-कश्मीर में एक चुनी हुई सरकार काम कर रही है। लेकिन केंद्र सरकार ने अभी तक राज्य का दर्जा बहाल करने का अपना वादा पूरा नहीं किया है।" मीर ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी 5 अगस्त 2019 से ही लगातार यह मांग करती आ रही है कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए।

**राहुल गांधी और खड़गे का वादा:** मीर ने यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी 4000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा को श्रीनगर में समाप्त करते समय, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर के लोगों से वादा किया था कि पार्टी राज्य का दर्जा बहाल कराने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने मानसून सत्र के दौरान इस मुद्दे को प्राथमिकता दी है।

## घरेलू हिंसा में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

# मामला दर्ज होने के दो महीने तक गिरफ्तारी न करे पुलिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है और इलाहाबाद हाई कोर्ट के दो साल पुराने दिशा-निर्देशों को अपनाते हुए कहा है कि धारा 498ए के तहत दर्ज मामलों में पुलिस आरोपियों को दो महीने तक गिरफ्तार न करे। कोर्ट ने कहा कि जब कोई महिला ससुराल वालों के खिलाफ 498ए के तहत घरेलू हिंसा या दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराए तो पुलिस वाले उसके पति या उसके रिश्तेदारों को 2 महीने तक गिरफ्तार न करे। 2 महीने की अवधि को शांति अवधि कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश एक महिला



- सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश एक महिला आईपीएस से जुड़े मामले के दौरान दिया।

आईपीएस से जुड़े मामले के दौरान दिया। कोर्ट ने उससे अलग हुए पति, रिश्तेदारों के उत्पीड़न के लिए अखबारों में माफीनामा प्रकाशित कर माफी मांगने का आदेश दिया है। शांति अवधि कोई भी कार्रवाई करने से रोकता है।

### मिंत्रा-निदेशकों के खिलाफ 1,654 करोड़ का फेमा केस दर्ज

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट समर्थित 'फैशन एवं लाइफस्टाइल' मंच मिंत्रा, संबंधित कंपनियों और निदेशकों के खिलाफ 1,654 करोड़ रुपये से अधिक के एफडीआई 'उल्लंघन' में फेमा के तहत मामला दर्ज किया है। वित्तीय अपराध जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईडी ने बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की धारा 16(3) के तहत शिकायत दर्ज की गई है। एजेंसी को 'विश्वसनीय जानकारी' मिली थी कि 'मिंत्रा' ब्रांड नाम वाली मिंत्रा डिजायन्स प्राइवेट लिमिटेड और इसकी संबंधित कंपनियां 'थोक कैश एंड कैरी' की आड़ में बहु-ब्रांड खुदरा कारोबार कर रही हैं। यह व्यवस्था एफडीआई नीति का सीधा उल्लंघन है। इसके जरिए बहु खुदरा व्यापार किया जो पूरी तरह से अवैध है।

## बाढ़- भूस्खलन ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त, हजारों प्रभावित

# अंधेरी सबवे बंद और समुद्र में मिला फ्लोटिंग कंटेनर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई हर तरफ पानी से सराबोर हो चुकी है। मुंबई का सबसे भीड़भाड़ वाला अंधेरी सबवे बंद हो चुका है। पिछले कई दिनों से मुंबई में हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सबवे का रास्ता झील में तब्दील हो चुका है। सबवे का रूट अब गोखले ब्रिज और ठाकरे ब्रिज की तरफ डायवर्ट कर दिया गया है। बांद्रा में भारी बारिश के कारण भरत नगर चॉल ढह गया था। सोमवार की रात हुए इस हादसे में 15 लोग गंभीर रूप से घायल थे।

## मुंबई में भारी बारिश से लोग हलाकान, मार्ग परिवर्तित



### समुद्र भी उफान पर

मुंबई में लगातार खराब मौसम और तेज हवाओं के कारण समुद्र भी उफान पर है। इस दौरान विरार के कलंब बीच पर अचानक एक तैरता हुआ कंटेनर देखकर हड़कंप मच गया। कंटेनर में ढेर सारे वॉलपेपर भरे हैं।

### राजस्थान में भी तबाही

### देखते ही देखते ढह गया पहाड़

**झुंझुनूं।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले में बुधवार तड़के हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे इलाके में कहर बरपा दिया। जिले के चिड़ावा, पिलानी, नवलगढ़, उदयपुरवाटी सहित कई क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नारी गांव में एक पूरा पहाड़ ढह गया,जो काफी भयावह है। बजावा रावत का गांव में एक मकान ढहने से अंजू नाम की एक महिला की मौत हो गई।



### हिमाचल में 385 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद दो राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 385 सड़कें बंद हो गई हैं। मंडी में एनएच 70 बंद है। सिरमौर में एनएच 707 बंद हो गया है। 252 सड़कें अवरुद्ध हैं , 263 ट्रांसफॉर्मर और जलापूर्ति की 220 योजनाएं बंद हैं।

**बाढ़ और भूस्खलन से अमरनाथ यात्री रास्ते में फंसे**

**रामबन।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में भारी बारिश से मलबे के भूस्खलन ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद कर दिया। सैकड़ों वाहन फंस गए और अमरनाथ यात्रा से लौट रहे कई श्रद्धालु भी बीच रास्ते में रुक गए हैं।

## कटड़ा से दिल्ली आने वाली ट्रेन

# वंदे भारत में पैसेंजर को दाल में मिला कीड़ा, रेलवे ने मांगी माफी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

इंडियन रेलवे की सबसे प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत के खाने में कीड़ा निकलने का मामला सामने आया है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के खाने में कीड़े मिलने की तस्वीर को एक यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। पोस्ट की तस्वीर पोस्ट में दिख रहा है कि एल्युमीनियम के डिब्बे में परोसी गई दाल में एक काला कीड़ा मौजूद है। यह तस्वीर तेज़ी से वायरल हो रही है। पोस्ट में दावा किया गया है कि यह घटना 22 जुलाई को कटड़ा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस में हुई। सोशल मीडिया इस मामले को



जिस अकाउंट से उठाया गया है। उसमें बायो में वडोदरा के निवासी होने का उल्लेख किया है। यूजर नेपहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को टैग किया है। इसके बाद भूल सुधार कर नई पोस्ट में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी टैग किया है। हालांकि रेलवे ने इसके लिए माफी मांग ली है।

## चिंतन

# संसद लोकतंत्र का मंदिर बेवजह हंगामा ठीक नहीं

संसद लोकतंत्र का सबसे पवित्र मंदिर है। हर देशवासी के मन में संसद के प्रति अथाह सम्मान है। उन्हें उम्मीद रहती है कि हमारे प्रतिनिधि संसद में ऐसे कानून बनाएंगे जिससे हर देशवासी का जीवन स्तर ऊंचा होगा, लेकिन हो रहा है उसके बिलकुल उलट। संसद का कोई भी सत्र हो, उसकी शुरुआत हंगामे से होना परंपरा बन चुकी है। यह खराब परंपरा है, लेकिन इसके बाद भी जारी है कि इससे किसी को कुछ हासिल नहीं होता। विपक्ष को भी नहीं, जो हंगामा करता है और सत्ता पक्ष को भी नहीं जिसका कार्य सरकार चलाना है। केवल धन की बर्बादी होती है। इसके बावजूद विपक्ष हमेशा हंगामे को अपनी जीत की तरह प्रस्तुत करता है। संसद में किसी भी बहाने हंगामा करना राजनीतिक स्वभाव बनता जा रहा है। जब जो दल विपक्ष में होता है, वह हंगामा करना पसंद करता है और वह भी तब, जब वह सत्ता में रहते समय हंगामे से त्रस्त हो चुका होता है। विपक्ष यदा-कदा अपने हिसाब से ज्वलंत मुद्दों को उठाता है, लेकिन उन पर सार्थक बहस करने और सरकार से जवाब मांगने के बजाय उसकी दिलचस्पी इसमें अधिक होती है कि संसद चलने न पाए। आमतौर पर विपक्ष संसद में सरकार को घेरने के लिए मुद्दों का चयन खुद नहीं करता। वह उन मुद्दों को लेकर आगे आ जाता है, जो संसद सत्र के पहले से ही चर्चा में आ गए होते हैं। अनेक बार देखा गया है कि मुद्दे से ज्यादा हंगामे को महत्व दिया जाता है। ऐसा ही कुछ संसद के मानसून सत्र के दौरान देखने को मिल रहा है। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण बुधवार को लगातार तीसरे दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई। विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में वोटर लिस्ट के लिए किए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और अन्य मुद्दों को लेकर सदन में हंगामा किया। जिसके कारण लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होने के बाद दो बार स्थगन के साथ दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के बीच ही खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक 2025 सदन में पेश किए। इस दौरान भी संसद में हंगामा ही होता रहा। सांसदों ने विधेयक के बारे में जानने की बजाय शोरगुल करने पर ध्यान केंद्रीत किए रखा। लोकसभा में विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें, लेकिन अध्यक्ष के इस कथन का विपक्षी सांसदों पर कोई असर दिखाई नहीं दिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प बंद कराने का दावा कर चुके हैं। अब खबर आ रही है कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार है। इसके लिए लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। सरकार चर्चा को तैयार है तो विपक्ष को भी चाहिए कि हंगामे की बजाय सार्थक बहस की तरफ मुड़े, जिससे न समय की बर्बादी हो और न ही आम जनता के खून पसीने से कमाए धन की। जनता हंगामा नहीं, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सरकार का जवाब चाहती है। संसद में हंगामे पर विपक्ष को तो विचार करना ही चाहिए, सत्तापक्ष को भी यह देखना चाहिए कि संसद सही ढंग से कैसे चले। इसके लिए उसे विपक्ष को भरोसे में लेने के साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श के लिए माहौल बनाने के लिए आगे आना चाहिए। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कटुता दूर होनी चाहिए। यह तभी संभव है, जब दोनों पक्ष एक-दूसरे को आदर देंगे, सम्मान करेंगे।



लक्ष्य
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# आने वाले 100 साल सहकारिता के

अमित शाह ने 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में युवाओं से कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में 60 करोड़ गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली, गैस, पांच किलो मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक के इलाज और मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था की। हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केन्द्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है। आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे। अतीत के सहकारिता के आन्दोलनों से अब तक के आकलन के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सहकारिता की पहुंच को रेखांकित किया।

भारत के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मानना है कि अतीत आपने देखा, अब भविष्य की ओर देखो। पूरब से आने वाली सूरज की रश्मियां आपको ताजगी से भर देंगी। इनमें सहकारिता की ओज है। सहकारिता की ओज से हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में उजाला पसरने जा रहा है। अमित शाह का उत्साहवर्धन निश्चय ही सहकारिता से जुड़े समाज को ऊर्जा से भर देगा और जो सोये हैं अभी तक उन्हें जगाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

अमित शाह ने 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में युवाओं से कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में 60 करोड़ गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली, गैस, पांच किलो मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक के इलाज और मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था की। हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केन्द्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है। आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे। अतीत के सहकारिता के आन्दोलनों से अब तक के आकलन के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सहकारिता की पहुंच को रेखांकित किया कि देश के धान और गेहूं की खरीद में लगभग 20 प्रतिशत योगदान सहकारिता का है, जबकि 35 प्रतिशत उर्वरक और 30 प्रतिशत चीनी का उत्पादन सहकारिता के माध्यम से होता है। 20 प्रतिशत से ज्यादा उचित मूल्य की दुकानें-फेयर प्राइस शॉप भी सहकारिता के माध्यम से चलती हैं। 8 लाख 50 हजार सहकारी संस्थाओं के माध्यम से 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हैं। यह जो करोड़ों भारतीयों का सहकारिता से जुड़ाव है, यह बहुत मायने रखता है। चार वर्ष में ही भारत की इतनी बड़ी आबादी सहकारिता में अपनी उपस्थिति बना चुकी है। यह आगामी 100 साल बाद का जो उन्हें चित्र दिख रहा है, वह यूं ही नहीं है। यह उन्हें आभास इसलिए हो रहा है क्योंकि सहकारिता भारतीय जीवन पद्धति, जीवन समृद्धि व उत्साहजनक भविष्य की कड़ी बनती जा रही है। उन्होंने खुद देखा कि विज्ञान व तकनीकी के साथ जैसे सहकारिता का जुड़ाव हो रहा है, युवा आबादी इसमें अपने भविष्य को संवारने का स्वप्न पाल रही है। वह अपने बुजुर्गों की विरासत में सम्मिलित सहकारिता को आगे बढ़ाना चाहती है। प्राइमरी डेयरी कोआपरेटिव सोसाइटी-पीडीसीएस ऑनलाइन पंजीकरण प्लेटफॉर्म का शुभारंभ हुआ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम अभियान के तहत सफलता की कहानियां जब सामने आयीं तो लोगों ने महसूस किया है कि सहकारिता भी सफलता की वजह बनती जा रही है। वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत सफलता की कहानियों ने यह बताया कि हमारी सहकारिता केवल कृषि व उद्यम तक सीमित नहीं है अपितु यह तो प्रकृति-जीवन-संस्कृति से जुड़ी हुई है। सहकारिता मंत्री ने रेखांकित किया है कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के चार वर्ष के भीतर हमने 61 पहलों के जरिये सहकारिता को मजबूत करने का काम किया है। दो लाख नए पीएसीएस बनाने का काम शुरू हो गया है, इनमें से 40 हजार पैक्स बना लिए गए हैं। सभी पीएसीएस -पैक्स के कम्प्यूटरीकरण का काम पूरा कर लिया गया है और सभी राज्यों ने पैक्स के मॉडल



बायलॉज़ स्वीकार कर लिए हैं। गोदाम भी बनाए जा रहे हैं। ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स, एक्सपोर्ट और बीज संवर्धन के लिए नई सहकारी संस्थाएं बनाई गई हैं। यदि यह कार्य व ऐसा कार्य जो सहकारिता मंत्रालय गठन के बाद विगत चार वर्षों में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया है, ऐसा कार्य पिछले 75 वर्षों में किया गया होता तो, आज देश में सहकारिता की वजह से हमारे देश के किसान, मजदूर, श्रमिक व विभिन्न हितधारक भारत का भविष्य बदलने में सक्षम हो चुके होते, किसी अन्य सहयोग की अपेक्षा ही नहीं होती। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट, नए अनुबंध-एमओयू, मानव संसाधन का निर्माण, नए रिसोर्सेज का चिन्हीकरण व उनको डिजिटल फॉर्म में सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया भी सहकारिता क्षेत्र में हो रही है। क्लाइमेट चेंज व सोशल जस्टिस जैसे विषयों को भी सहकारिता के समावेशी वैशिष्टय के साथ समाधान होगा। आत्मनिर्भरता व नवाचार से आर्थिक विकास की धारा जेंडर जस्टिस का कारण बनेंगी। भारत में सहकारी समितियों की जिस प्रकार बढ़ोतरी हो रही है, उनके प्रति उदासीनता को समाप्त करके इसे अभिरुचिजन्य बनाने की यदि कोशिश नया स्वरूप पाएगी तो 2047 तक विकसित राष्ट्र के पैमाने पर भारत 100 प्रतिशत खरा उतरेगा, इसमें कोई संशय नहीं है। सबसे अहम बात यह है कि सहकारिता मंत्री का युवा मन युवा सहकारिता सेवियों को जब तैयार कर लेगा, तो कोई लक्ष्य हमसे दूर नहीं होगा। अपने युवा मानव संसाधन का बस तेजी से झुकाव सुनिश्चित करने में यदि भारत सरकार अभिरुचि दिखाएगी तो सब कुछ संभव सा होता दिखता है। सहकारिता मंत्री की ओर से की जा रही पहल के साथ जब वैश्विक स्तर पर इन्वेस्टमेंट करने वाली एजेंसीज सहकारिता से जुड़े लोगों व प्रतिष्ठानों के बीमा में अभिवृद्धि करेंगी और सुरक्षा की भावना से वे अभिरुचि दिखाकर आगे आने का प्रयत्न करेंगी तो निश्चय ही सहकारिता के 100 वर्ष और 500 वर्ष भी स्वर्णिम काल में परिवर्तित हो सकते हैं। इसमें इन्वेस्टमेंट एजेंसीज की इच्छाशक्ति का अहम योगदान है।

वे ऐसा करेंगी तो आने वाले समय में विभिन्न चुनौतियों के बीच भी सहकारिता के कार्य आगे बढ़ेंगे। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि सहकारी समितियां ऐसे स्वैच्छिक आर्थिक संगठन होते हैं, जहाँ सदस्य मिलकर कोई कामकाज करते हैं, जिसमें आर्थिक नुक़सान या अस्थिरता का कुछ जोखिम भी हो सकता है, और उसके ज़रिए आय अर्जित करते हैं। ये संस्थाएँ न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक रूप से भी लोगों को सशक्त बनाती हैं। यह कार्य भारत में मद्धिम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की पहल से बने नए मंत्रालय व अमित शाह के नेतृत्व के कारण इसे बल मिला। भारत में इस समय लगभग 8 लाख सहकारी संस्थाएं हैं जिनके ज़रिए आर्थिक विकास और लोगों के सशक्तीकरण में सहयोग मिल रहा है, यह कोई मामूली बात नहीं है। जब देश में सहकारी संस्थाओं की संख्या 8 करोड़ हो जाएगी, जब देश में सहकारी संस्थाओं का पूर्णतया डिजिटलीकरण हो जाएगा, जब देश में त्रिभुवन यूनीवर्सिटी जैसी सहकारिता यूनिवर्सिटी की संख्या बढ़कर कम से कम 10 हो जाएगी, जब देश में सहकारिता अनुसंधान में सतत विकास हमें दिखेगा तो संपूर्ण विश्व में भारत का सहकारिता आन्दोलन अपने वैभवकाल की ओर गति पा लेगा, हमारे देश को एक ऐसे समय की प्रतीक्षा है। सहकारिता मंत्री अमित शाह को भी ऐसा समय प्राप्त कर लेने का विश्वास है। आवश्यकता इस बात की है कि उस विश्वास को पूरा भारत मजबूती से अपना सहयोग प्रदान करे, क्योंकि इसमें किसी के निहित स्वार्थ नहीं हैं, अपितु इसमें पूरे भारत का भविष्य है। आज 24 जुलाई को राष्ट्रीय सहकारिता नीति सरकार ला रही है।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
सतीश सिंह



# एफडीआई व ओएफडीआई से विकास को मिलेगा बल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में 81.04 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 71.28 अरब डॉलर की तुलना में 14% अधिक है। ये आंकड़े भारत की मजबूत आर्थिक नीतियों, वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे और सुधारों को दर्शाते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत को सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सिंगापुर से प्राप्त हुआ है। वहीं,देश के राज्यों में सबसे ज्यादा एफडीआई महाराष्ट्र को प्राप्त हुआ है। कुल एफडीआई में महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 39% दर्ज हुई। दूसरे स्थान पर कर्नाटक है, जिसे 13% हिस्सेदारी हासिल हुई और दिल्ली की हिस्सेदारी 12% रही। हालांकि, मौजूदा एफडीआई को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि विकास के लिए बहुत ही ज्यादा निवेश की आवश्यकता होती है। देश में एफडीआई कम आने का एक बड़ा कारण भारत द्वारा चीन के निवेश पर आंशिक रोक लगाना है। हाल ही में, देश में निवेश को बढ़ाने के लिए नीति आयोग ने उन नियमों में ढील देने का प्रस्ताव किया है, जिनके तहत चीनी कंपनियों को यहां निवेश के लिए अतिरिक्त जांच की आवश्यकता होती है। वर्तमान में किसी भी निवेश के लिए चीनी कंपनियों को गृह और विदेश मंत्रालयों से सुरक्षा मंजूरी लेनी पड़ती है। नीति आयोग ने हाल ही में प्रस्ताव दिया है कि चीनी कंपनियां किसी भारतीय कंपनी में 24 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बिना अनुमोदन ले सकती हैं। आयोग का यह प्रस्ताव देश में एफडीआई को बढ़ावा देने वाली योजना का हिस्सा है। वैसे,नीति आयोग के प्रस्तावों को मानना सरकार के लिए जरूरी नहीं है, लेकिन यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है, जब भारत और चीन 2020 में सीमा पर हुई झड़पों के बाद से तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। इसी क्रम में वर्ष 2024 के अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कजान में हुई वार्ता के बाद सैन्य तनाव में कमी आई और उसके बाद से दोनों देश आपसी संबंध सुधारने के प्रयास कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि दूसरे देशों की कंपनियां विनिर्माण और फार्मास्यूटिकल्स जैसे कई क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से निवेश कर सकती हैं, जबकि रक्षा, बैंकिंग और मीडिया आदि कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में बाहरी निवेश पर आंशिक रोक है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद वैश्विक स्तर पर विदेशी निवेश में कमी आई है, लेकिन भारत में एफडीआई में भारी गिरावट का कारण चीनी निवेश में अड़चन को माना जा रहा है। चीन द्वारा भारत में कम निवेश करने के अलावा भारत में निवल एफडीआई में तीव्र गिरावट का एक और महत्वपूर्ण कारण भारतीय कंपनियों द्वारा बाह्य एफडीआई (ओएफडीआई) में वृद्धि भी शामिल है। हालांकि, इससे देश को कई लाभ भी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक जून 2025 में भारत की विदेश में एफडीआई बढ़कर 5.03 अरब डॉलर हो गई, जो पिछले साल के समान महीने के 2.9 अरब डॉलर से ज्यादा है। मई महीने में यह 2.7 अरब डॉलर थी। विदेश में एफडीआई अमूमन तीन तरह यानी इक्विटी, ऋण और गारंटी के रूप में की जाती है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की इक्विटी विदेशों में 3 गुना से ज्यादा बढ़कर जून 2025 में 2.04 अरब डॉलर हो गया, जो जून 2024 में 67.07 करोड़ डॉलर था। यह मई 2025 के 98.71 करोड़ डॉलर से दोगुना भी है। वहीं, ऋण प्रतिबद्धताएं मामूली रूप से बढ़कर जून 2025 में 58.555 करोड़ डॉलर हो गई, जो जून 2024 के 45.43 करोड़ डॉलर से अधिक है और मई 2025 की 1.02 अरब डॉलर प्रतिबद्धता की तुलना में कम है। पुनः,रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेश की इकाइयों के लिए गारंटी बढ़कर जून 2025 में 2.4 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले 1.8 अरब डॉलर और मई 2025 में 69.22 करोड़ डॉलर था। बता दें कि किसी एक देश की कंपनी का दूसरे देश में किया गया निवेश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कहलाता है। ऐसे निवेश से निवेशकों को दूसरे देश की उस कंपनी के प्रबंधन में कुछ हिस्सा हासिल हो जाता है, जिसमें उसका पैसा लगता है। दूसरे देशों में निवेश करके भारत दुनिया भर के देशों में आर्थिक, राजनीतिक, रक्षा, तकनीकी और सांस्कृतिक जैसे कई प्रमुख पहलुओं में फैले अनेक लाभों और रणनीतिक हितों का लाभ उठाता है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि देश के लिए जितना जरूरी एफडीआई है, उतना ही ओएफडीआई भी है। अगर, दोनों में संतुलित तरीके से वृद्धि होती है तो हमारा देश अर्थव्यवस्था और विकास के सभी पैमानों पर बेहतर प्रदर्शन ला सकता है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित
दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




### आज की पाती

### तिरंगा सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक

विश्व में प्रत्येक राष्ट्र का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय ध्वज ही उसकी मर्यादा और अस्मिता से जुड़ा होता है, लेकिन इस मायने में हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा अन्य राष्ट्र ध्वजों के मुकाबले अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। चूंकि अंग्रेजों से भारत की मिली आजादी के चंद दिन पहले ही 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान भारतीय तिरंगे को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया था, इसीलिए भारत में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है। आधिकारिक रूप में तिरंगे को अपनाने के बाद से यह देश की एकता, साहस और आकांक्षाओं का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज दिवस भारत की संप्रभु राष्ट्र बनने की यात्रा का स्मरण कराता है। तिरंगा सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है।

*- मिलिंद जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### पाकिस्तान कट्टरता और आतंकवाद में डूबा हुआ



भारत ने पाकिस्तान की अध्यक्षता में हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की एक बैठक में अपने पड़ोसी को 'कट्टरता' में डूबा 'लगातार कर्ज लेने वाला' देश करार देते हुए कहा कि सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को 'गंभीर कीमत' चुकाने के लिए मजबूर किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा, 'हम अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के विषय पर चर्चा कर रहे हैं, ऐसे में यह समझना जरूरी है कि कुछ बुनियादी सिद्धांतों का सार्वभौमिक रूप से सम्मान किया जाना चाहिए जिनमें से एक है- आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करना।' हरीश ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'बहुपक्षवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देना' विषय पर आयोजित उच्च-स्तरीय खुली चर्चा में अपने राष्ट्र की ओर से बयान दिया। पाकिस्तान 15 देशों की सदस्यता वाली सुरक्षा परिषद का जुलाई के लिए अध्यक्ष है। पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार ने इस खुली चर्चा की अध्यक्षता की, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी संबोधित किया।

## ऑफ बीट

### क्या अंतरिक्ष में गर्भधारण करना सुरक्षित और संभव

जैसे-जैसे मंगल मिशन संबंधी योजनाओं में तेजी आ रही है, वैसे-वैसे यह सवाल भी उठ रहा है कि मानव शरीर वहां के अनुसार कैसे स्वयं को ढालेगा?



क्या अंतरिक्ष में गर्भधारण करना और इसका सुरक्षित रहना संभव है? उदाहरण के लिए लगभग दो-तिहाई मानव भ्रूण जीवित नहीं रह पाते और अधिकतर भ्रूण शुरुआती कुछ सप्ताह में अक्सर महिला को यह पता लगने से पहले ही नष्ट हो जाते हैं कि वह गर्भवती है। गर्भावस्था को जैविक अहम पड़ावों की एक श्रृंखला के रूप में समझा जा सकता है। हर एक पड़ाव को सही क्रम में होना चाहिए और हर एक पड़ाव के सफल होने की एक निश्चित संभावना होती है। पृथ्वी पर इन संभावनाओं का अनुमान क्लीनिकल अनुसंधान और जैविक मॉडल का उपयोग करके लगाया जा सकता है। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण यानी अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अनुभव की जाने वाली लगभग भारहीनता की स्थिति गर्भधारण को अधिक कठिन बना देगी, लेकिन भ्रूण के बनने के बाद गर्भवती रहने में शायद अधिक बाधा नहीं डालेगी। हालांकि शून्य गुरुत्वाकर्षण में जन्म देना और नवजात शिशु की देखभाल करना कहीं अधिक मुश्किल होगा। अंतरिक्ष में आखिरकार कुछ भी स्थिर नहीं रहता। तरल पदार्थ तैरते रहते हैं। लोग भी तैरते हैं।

## ट्रेंड

### तिलक को जयंती पर नमन



लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उनके शब्द "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है" ने एक आंदोलन को प्रज्वलित किया व आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। भारत के इस महान सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि।
-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### क्रांति गौड़ को बधाई



मध्यप्रदेश की बिटिया क्रांति गौड़ से आज हमारा भारत हुआ गौरवान्वित...। इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में 6 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाने वाली छतरपुर जिले की खिलाड़ी क्रांति ने न केवल मैच, बल्कि करोड़ों दिल भी जीत लिए हैं। इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
-डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

### बंद्योपाध्याय को श्रद्धांजलि



साहित्यकार ताराशंकर बंद्योपाध्याय की जयंती पर बांग्ला भाषा और साहित्य में उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि देती हूं। 'गणदेवता', 'पंचग्राम', 'धात्रीदेवता', 'हंसुली बांकेर उपकथा' और 'कबी' जैसे उनके उपन्यास अमर रचनाएं हैं।
-ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल

### भारत क्षमतावान



चीन ने पिछले साल तेल और गैस पर 38 अरब डॉलर खर्च किए। वह ज़मीन के 8 किमी नीचे तक खुदाई कर रहा है ताकि ज़्यादा तेल निकाला जा सके। भारत भी ये कर सकता है। संसाधन भी हैं, क्षमता भी।
-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा, कॅरियर के आखिरी मैच में खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| जमैका

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल क्रिकेट से रिटायर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी20 उनके करियर का आखिरी मैच रहा, जिसमें उन्होंने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग की और गेंदबाजी भी की। रसेल ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज का दूसरा टी20 मैच उनके करियर का आखिरी मुकाबला होगा।

रसेल ने दूसरे टी20 में 240 के तूफानी स्ट्राइक रेट से 36 रनों की कैमियो पारी खेली, लेकिन रसेल अपने आखिरी मैच में वेस्टइंडीज की जीत नहीं देख पाए। आंद्रे रसेल इस मैच में तब बैटिंग करने आए जब वेस्टइंडीज का स्कोर 98/5 हो चुका था। उन्होंने आते ही तूफानी अंदाज में शॉट्स लगाने शुरू किए और अपनी 36 रनों की ताबड़तोड़ पारी में उन्होंने 2 चौके और चार छक्के लगाए। उनकी इस तूफानी पारी ने वेस्टइंडीज को 170 का स्कोर पार करने में मदद की।

## रसेल ने टी20 में 240 के स्ट्राइक रेट से बनाए 36 रन

### रसेल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

आंद्रे रसेल ने अपनी रिटायरमेंट स्पीच में कहा, मैं सबीना पार्क में मौजूद लोग और वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड से मिले अवसरों का धन्यवाद करना चाहता हूं। मैं अपने घरेलू फैंस के सामने संन्यास लेकर बहुत खुश हूं, लेकिन मैच का परिणाम हमारी तरफ नहीं गया। मैं खुश हूं कि अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए इतने सारे मैच खेल पाया, सपोर्ट के लिए सभी का धन्यवाद।"



### अब आगे बढ़ने का समय

रसेल ने कहा,"मुझे याद है कि हमने दो विश्व कप जीते, लेकिन लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया था। हमारी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। रोमारियो शेफर्ड, शेरफेन रदरफोर्ड, अल्जारी जोसेफ और जेसन होल्डर जैसे खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सबीना पार्क में अपना करियर खत्म करना अद्भुत है। नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन यही क्रिकेट का खेल है। आपने हमारा बहुत समर्थन किया है और आगे भी करते रहिएगा।"वेस्टइंडीज का यह ऑलराउंडर जब आखिरी बार मैरून रंग की जर्सी में मैदान पर उतरा, तो उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

### मैच नहीं जीत पाया वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज की टीम एक जीत के साथ आंद्रे रसेल को विदा नहीं कर पाई। इस मैच में कैरेबियाई टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 172 रन बनाए थे। रसेल की 36 रनों की तूफानी पारी के अलावा ब्रेंडन किंग ने 51 रनों की पारी खेली थी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 28 गेंद शेष रहते 8 विकेट की आसान जीत अपने नाम की। सलामी बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श कुछ खास कमाल नहीं कर पाए, लेकिन जोश इंग्लिश 78 रन और कैमरन ग्रीन 56 रन बनाकर नाबाद लौटे।

### ऐसा रहा आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल कॅरियर

आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल करियर देखा जाए तो उसमें उन्होंने वेस्टइंडीज टीम के लिए तीनों फॉर्मेट मिलाकर कुल 143 मुकाबले खेले, जिसमें वह 23.97 के औसत से 2158 रन बनाने में कामयाब रहे। रसेल अपने इंटरनेशनल करियर में एक भी शतकीय पारी खेलने में कामयाब नहीं हो सके, जिसमें उनके बल्ले से 7 अर्धशतकीय पारी देखने को मिली और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 92 रन था। वहीं रसेल का गेंदबाजी में रिकॉर्ड देखा जाए तो वह 32.21 के औसत से 132 विकेट लेने में कामयाब रहे। रसेल ने कुल 9 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड के अलावा एक बार प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी जीता है। इसके अलावा 2 बार आंद्रे रसेल वेस्टइंडीज टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम का भी हिस्सा रहे हैं, जिसमें उन्होंने विंडीज टीम को ट्रॉफी जितवाने में अहम भूमिका अदा की।

## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला क्रिकेट ने रचा इतिहास, वनडे सीरीज पर किया कब्जा

चेस्टर ली स्ट्रीट। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड दौरे पर इतिहास रच दिया है। इस दौरान उन्होंने पहले 5 मैचों की टी20 सीरीज को 3-2 से जीता तो वहीं अब तीन मैचों की वनडे सीरीज को भी 2-1 से जीतने में कामयाब रही। इस वनडे सीरीज का आखिरी मैच 22 जुला को चेस्टर ली स्ट्रीट के मैदान पर खेला गया, जिसमें टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर की बेहतरीन शतकीय पारी के दम पर 50 ओवर्स में 5 विकेट के नुकसान पर 318 रनों का स्कोर बनाया था। जबकि टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 305 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम पहली बार इंग्लैंड को उसके घर में वनडे सीरीज में मात देने में कामयाब हुई है। इंग्लैंड महिला टीम के लिए तीसरे वनडे में टीम इंडिया की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरी। क्रांति ने इस मैच में अपने 9.5 ओवर्स में 52 रन देने के साथ 6 विकेट हासिल किए।

### महिला पेशेवर गोल्फ टूर नेहा ने बनाई बढ़त



**कोलार** (कर्नाटक)। नेहा त्रिपाठी ने पहले दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से बुधवार को महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 10वें चरण में एक शॉट की बढ़त बना ली। पिछले हफ्ते नौवें चरण में उप विजेता रही नेहा ने पांच बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गईं, जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। नेहा ने दुर्गा निट्टूर (70) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है। नेहा और दुर्गा के अलावा सिर्फ रिद्धिमा दिलावरी ही पार या इससे बेहतर का स्कोर बना सकीं। वह अंतिम चार होल में दो बर्डी की मदद से पार 72 का स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर हैं।

### डीसी ओपन : एम्मा ने मार्टा को हराया, किया अगले दौर में प्रवेश



**वाशिंगटन**। एम्मा राडुकानू ने सातवीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक को 7-6 (4), 6-4 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। कोस्त्युक को इस तरह से लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार का सिलसिला दो महीने से भी अधिक समय से चल रहा है। यह लगातार पांचवा टूर्नामेंट है, जिसमें वह पहले दौर में बाहर हो गईं। उन्होंने 11 मई के बाद से कोई मैच नहीं जीता है। अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन और वर्तमान में विश्व में 46वीं रैंकिंग की खिलाड़ी राडुकानू का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा।

## वोक्स की यॉर्कर पैर पर लगने के बाद पंत हुए 'रिटायर्ड हर्ट'

# जायसवाल-सुदर्शन के अर्धशतक भारत के चार विकेट पर 264 रन

भाषा ▶▶| मैनचेस्टर

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (58 रन) के अर्धशतक के बाद साई सुदर्शन (61 रन) ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए पचासा जड़ा जिससे भारत ने बुधवार को यहां चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन स्टंप तक चार विकेट पर 264 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक रविंद्र जडेजा और शारदुल ठाकुर 19-19 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पैर में चोट लगने के कारण 'रिटायर्ड हर्ट' हो गए। आसमान में बादल छाए थे और भारतीय टीम को बल्लेबाजी का न्योता मिला जिसके बाद भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (46 रन) और जायसवाल (107 गेंद) ने 94 रन जोड़कर श्रृंखला में अपनी सर्वोच्च साझेदारी निभाई। इसके बाद सुदर्शन (151 गेंद) ने दबाव में एक जबरदस्त पारी खेली और करुण नायर पर अपने चयन को सही साबित किया।

सुदर्शन के साथ बल्लेबाजी कर रहे पंत (48 गेंद में 37 रन, रिटायर्ड हर्ट) क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स हिट से चूक गए। गेंद पंत के दाहिने पैर पर लगी जिससे उन्हें काफी दर्द हुआ और आखिरकार उन्हें गोल्फ कार्ट में मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। पैर में खून भी निकलता दिख रहा था जिससे भारतीय प्रशंसक और ड्रेसिंग रूम में सभी काफी चिंतित थे। लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान विकेटकीपिंग करते समय लगी उंगली की चोट से उबरने के बाद पंत इस मैच में उतरे थे। पूरे दिन बादल छाए रहे, लेकिन धीमी पिच ने बल्लेबाजों को जोफ्रा आर्चर की तेज रफ्तार का सामना करने के लिए पर्याप्त समय दिया। स्टोक्स लगभग इसी तरह सुदर्शन को आउट कर ही देते लेकिन जैमी स्मिथ ने लेग स्टंप पर एक सामान्य कैच छोड़ दिया जिससे इस भारतीय बल्लेबाज को जीवनदान मिला। तब वह 20 रन पर थे। उन्होंने किस्मत का फायदा उठाते हुए आर्चर की गेंद पर कुछ पुल शॉट खेले और फिर स्टोक्स की गेंद पर बैकफुट शॉट खेला।

इंग्लैंड के कप्तान ने सुदर्शन को आउट करने के लिए प्रयास जारी रखे लेकिन फिर उन्होंने शॉर्ट बॉल की रणनीति अपनायी। सुदर्शन अंत में उनकी एक गेंद को फाइन लेग पर ब्रायडन कार्स के हाथों में खेल गए। यह युवा भारतीय बल्लेबाज पारी की शुरुआत में सतर्क था, वह मिडिल और लेग स्टंप पर पिच होने वाली गेंदों पर ही रन बना रहे थे।



### मैनचेस्टर में 51 साल बाद किसी भारतीय ओपनर का अर्धशतक

भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के बाद मैनचेस्टर में अच्छी वापसी की और पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया। यशस्वी जायसवाल पहली पारी में काफी संभलकर खेलते नजर आए और किसी भी तरह की जल्दबाजी उन्होंने नहीं दिखाई और आखिरकार अपना अर्धशतक पूरा किया।

### राहुल ने छुआ नया मुकाम

भारत के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इस मैच में 11 रन बनाकर एक खास उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं और ऐसा करने वाले वह पांचवें भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर-विराट कोहली जैसे दिग्गजों की लिस्ट में अपना नाम शामिल कर लिया है।

### सचिन के नाम है सबसे ज्यादा रन

इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो वहां सचिन तेंदुलकर का नाम टॉप पर है। तेंदुलकर ने अपने करियर में इंग्लैंड में 17 मैचों में 54.31 के औसत से 1575 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर राहुल द्रविड़ का नाम है। द्रविड़ ने इंग्लैंड में 13 मैचों में 68.80 के औसत से 1376 रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का नाम है। इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट में उनके बल्ले से 16 मैचों में 1152 रन आए थे। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली का नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर है। उन्होंने इंग्लैंड में 17 मैचों में 33.21 के औसत से 1096 रन बनाए थे। वहीं मैनचेस्टर में खेले जा रहे टेस्ट मैच में 11 रन बनाकर अब केएल राहुल ने भी इंग्लैंड में 1000 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने इंग्लैंड में अब तक 13 मैचों में 1008 रन बनाए हैं।


### इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय

| | |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | : 1575 रन |
| राहुल द्रविड़ | : 1376 रन |
| सुनील गावस्कर | : 1152 रन |
| विराट कोहली | : 1096 रन |
| केएल राहुल | : 1008* रन |

## चाइना ओपन

# सिंधू ने 62 मिनट चले कड़े मुकाबले में जापान की मियाजाकी को हराया

- सिंधू ने मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में किया प्रवेश
- सात्विक-चिराग की जोड़ी की दमदार शुरुआत, जापान को हराया



एजेंसी ▶▶| चांग्झू

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने बुधवार को जापान की छठी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में प्रवेश किया।

सिंधू ने शानदार शुरुआत की और लगातार सात अंक लेकर पहले गेम में 13-5 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से यह गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में मियाजाकी ने शानदार वापसी की और लगातार नौ अंक लेकर 12-8 की बढ़त बना ली। जापान की खिलाड़ी ने यह गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सिंधू ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार बढ़त बनाए रखकर 62 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू का सामना दूसरी बार मियाजाकी से हो रहा था। पिछले साल स्विस ओपन में वह जापानी खिलाड़ी से हार गई थीं।

### सात्विक और चिराग की जोड़ी का शानदार प्रदर्शन

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की 15वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को केवल 31 मिनट में 21-13, 21-9 से हराकर दमदार शुरुआत की। रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी हालांकि हांगकांग की नगा टिंग येउंग येउंग और पुई लाम येउंग से 31 मिनट में 12-21, 13-21 से हार गईं।

## महिला यूरो टूर्नामेंट

# इंग्लैंड ने इटली को हराया फाइनल में किया प्रवेश



एजेंसी ▶▶| जिनेवा

गत विजेता इंग्लैंड ने हार की कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए इटली को 2-1 से पराजित करके महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के फाइनल में प्रवेश किया।

जब इटली की जीत सुनिश्चित लग रही थी तब मैच का पासा एकदम से पलट गया और इंग्लैंड फाइनल में पहुंचने में सफल रहा, जहां उसका सामना जर्मनी और स्पेन के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। इटली ने बारबरा बोनसी के 33वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल की, जिसे उसने निर्धारित समय के खेल के अंतिम क्षणों तक बरकरार रखा था। इटली जब जीत का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा था तब दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के छठे मिनट में मिशेल अग्येमंग ने गोल करके इंग्लैंड को बराबरी दिला दी। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। इसके बाद जब लग रहा था कि मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आउट में होगा तब इंग्लैंड ने 119वें मिनट में क्लो केली के गोल से जीत हासिल कर ली। इटली के खिलाड़ी इस हार के बाद अपनी भावनाओं को काबू में नहीं रख सकी और उनके आंसू निकल आए।

### आईओए को मिलेगा नया सीईओ, अय्यर की हो सकती है नियुक्ति

**नई दिल्ली**। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के भीतर लंबे समय से चल रहा विवाद अब खत्म होने की ओर बढ़ता दिख रहा है क्योंकि कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों के रघुराम अय्यर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्ति को मंजूरी देने की उम्मीद है। विरोध कर रहे कार्यकारी परिषद के इन सदस्यों ने जनवरी 2024 में आईओए अध्यक्ष पीटी उषा की ओर से की गई अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था, जिसका मुख्य कारण सीईओ के लिए 20 लाख रुपए प्रति माह का वेतन और अन्य भत्ते थे। कार्यकारी परिषद की सितंबर 2024 में हुई बैठक में भी इसका हल नहीं निकला, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एक अधिकारी ने वर्चुअल रूप से भाग लिया था। पता चला है कि खेल मंत्रालय के आग्रह पर सुलह होने वाली है।

### एआईयू ने संयुक्त सचिव सेखों को किया सस्पेंड जांच के लिए बनाई पैनल

**नई दिल्ली**। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित कर दिया है और जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के लिए चुने गए खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में भाग लेने से चूकने के कुप्रबंधन की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया है। जांच समिति की अध्यक्षता बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति अनिल कुमार कलकल करेंगे। इससे पहले, खेल मंत्रालय ने भी इस घटनाक्रम पर संज्ञान लिया था।



#### छह खिलाड़ियों को भाग लेने से रोका

भारतीय बैडमिंटन टीम ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय विवाद पैदा हो गया जब यह बात सामने आई कि 16 जुलाई को टीम मैनेजरों की बैठक के दौरान भारतीय अधिकारियों ने सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत न कर पाने के कारण चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को भाग लेने से रोक दिया गया था।

# यूएस किड्स वर्ल्ड टीन गोल्फ चैंपियनशिप महरीन और अर्शवंत करेंगे नेतृत्व

एजेंसी ▶▶| पाइनहर्स्ट

भारत के दो किशोर गोल्फ खिलाड़ी महरीन भाटिया और अर्शवंत श्रीवास्तव इस सप्ताह उत्तरी कैरोलिना के प्रतिष्ठित पाइनहर्स्ट में होने वाली 'यूएस किड्स वर्ल्ड टीन चैंपियनशिप' में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। इस साल टूर्नामेंट में भारत के छह खिलाड़ी हैं। लड़कों की 15-18 आयु वर्ग में दो और लड़कियों की 15-18 आयु वर्ग में चार गोल्फर हैं।

महरीन 2024 चरण में तीसरे स्थान और 2023 में उपविजेता रही थीं। पिछले साल उन्होंने 2024 शुभंकर शर्मा आमंत्रण टूर्नामेंट में जीत दर्ज थी और वह 2024 में टॉमी फ्लीटवुड इंटरनेशनल पाथवे सीरीज में दूसरे स्थान पर रहीं। पिछले साल जुलाई में उन्होंने अमेरिका में एफसीजी कॉलवे वर्ल्ड जूनियर्स भी जीता। वह फाल्डो सीरीज एशिया ग्रैंड फाइनल के शीर्ष-5 में रहीं। अर्शवंत को पिछले कुछ वर्षों में इस टूर्नामेंट का काफी अनुभव है। 2024 में उन्होंने एनसीआर कप जूनियर्स और ग्रीन्स टू ग्लोरी टूर्नामेंट में घरेलू सर्किट पर दो जीत हासिल की। वह यूएस किड्स इंडियन चैंपियनशिप में उपविजेता रहे थे। अर्शवंत के अलावा विहान जैन लड़कों के वर्ग में चुनौती पेश करेंगे जबकि लड़कियों के वर्ग में महरीन के अलावा आयशा गुप्ता, अनुष्का गुप्ता और असारा स्वाहने शामिल हैं।



## नवरातिलोवा के बाद एकल मैच जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस

# वीनस ने 45 की उम्र में रचा इतिहास, बनीं टेनिस की 'आयरन लेडी'

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने अपने करियर में 45 साल की उम्र में एक और बड़ी उपलब्धि को हासिल की है। अब वह प्रोफेशनल सिंगल्स मैच जीतने के मामले में दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई हैं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने 45 साल की उम्र में अपने कुछ चिर परिचित सर्व और ग्राउंडस्ट्रोक का शानदार नजारा पेश किया।

वीनस ने डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने से 22 वर्ष छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। वीनस से अधिक उम्र में महिला एकल का मैच केवल मार्टिना नवरातिलोवा ने जीता है। नवरातिलोवा ने आखिरी बार 2004 में 47 वर्ष की उम्र में एकल मैच में जीत हासिल की थी।



### मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत

उन्होंने मैच के बाद कहा, 'जब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे मौके भी आते थे जब मुझे खुद पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है।' वीनस एक साल से भी अधिक समय बाद किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही है। इससे पहले उन्होंने युगल मैच जीतकर शानदार वापसी की थी। अब उन्होंने दो वर्षों में पहली बार एकल मैच जीता है।

### मार्टिना नवरातिलोवा पहले नंबर पर काबिज

महिला टेनिस में सबसे अधिक उम्र में सिंगल्स मैच जीतने के मामले में मार्टिना नवरातिलोवा के नाम अभी रिकॉर्ड दर्ज है, जिसमें उन्होंने साल 2004 में 47 साल की उम्र में ये कारनामा किया था जब उन्होंने साल 2004 के विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को मात दी थी। वीनस विलियम्स ने इस मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद दिए बयान में कहा कि यह पहला कदम है। पहला मैच हमेशा बेहद मुश्किल होता है। लंबे ब्रेक के बाद वापसी करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। इसे बयां करना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा कि मैच में उतरते समय मुझे पता था कि मेरे पास जीतने की क्षमता है, लेकिन मुझे इसे साबित करने के लिए जीतकर दिखाना था। इसलिए अच्छा खेलना और जीतना सबसे बेहतरीन है।

## खबर संक्षेप

### यूएनजीसीएनआई की अध्यक्ष बनीं वैशाली सिन्हा

**नई दिल्ली।** रिन्यू की सह-संस्थापक वैशाली निगम सिन्हा को संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया का अध्यक्ष चुना गया है। वह इस पद पर पहुंचने वाली निजी क्षेत्र की पहली विशेषज्ञ बन गई हैं। ग्लोबल कॉम्पैक्ट के भारतीय नेटवर्क ने 2025-27 कार्यकाल के लिए अपनी नई गवर्निंग काउंसिल के गठन की घोषणा की है।

### ठाणे: मराठी बोलने को लेकर छात्र पर हमला

**ठाणे (भाषा)।** नवी मुंबई के वाशी इलाके में 20 वर्षीय छात्र पर हॉकी स्टिक से हमला करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। छात्र से आरोपियों ने मराठी में बात करने को कहा था जिसकी वजह से उनके बीच बहस हुई थी। यह घटना मंगलवार पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे वाशी के एक कॉलेज के बाहर हुई।

### जवानों ने हादसे में घायलों की मदद की

**लेह/जम्मू(भाषा)।** सेना की 'फायर एंड फ्यूरी कोर' के जवानों ने लद्दाख के एक सुदूरवर्ती क्षेत्र में बुधवार को सड़क दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों को तुरंत सहायता प्रदान की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। 'फायर एंड फ्युरी कोर' ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'लद्दाख के पास दो लोगों को लेकर जा रही एक असैन्य कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

---

### पीएम मोदी चार दिवसीय यात्रा पर विदेश रवाना, मालदीव भी जाएंगे

# मोदी ब्रिटेन पहुंचे, लंदन एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत, कई समझौते संभव

**व्यापार निवेश प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा**

**मोदी का प्रधानमंत्री बनने के बाद यूके का चौथा और मालदीव का तीसरा दौरा**

*पीएम मोदी ने कहा कि वह ब्रिटेन पीएम कीर स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे, जिनमें भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को गति देने और आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को ब्रिटेन और मालदीव के चार दिवसीय दौरे पर रवाना हो गए। पहले पड़ाव मोदी ब्रिटेन पहुंचे लंदन एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ। यहां पीएम 23 से 24 तक रहेंगे। इसके बाद वह यात्रा के दूसरे पड़ाव के रूप में 25 से 26 जुलाई तक मालदीव में रहेंगे।

विदेश यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए अपने प्रस्थान वक्तव्य में पीएम मोदी ने दोनों देशों का जिक्र किया। ब्रिटेन को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ होने वाली मुलाकात को लेकर कहा कि इससे हमें अपनी आर्थिक साझेदारी को और बढ़ाने का अवसर मिलेगा। जिसका उद्देश्य दोनों देशों में समृद्धि, विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीते मंगलवार को भारत-ब्रिटेन के बीच होने वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिस पर पीएम की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच हस्ताक्षर किए जाएंगे। पीएम बनने के बाद मोदी का यूके का चौथा और मालदीव का तीसरा दौरा होगा।



**मालदीव यात्रा भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत हो रही**

#### मालदीव की यात्रा गौरवान्वित करने वाली

पीएम ने एक्स पोस्ट में मालदीव की यात्रा को लेकर कहा कि परसों 25 जुलाई को मैं राष्ट्रपति डॉ.मुइज्जू के निमंत्रण पर मालदीव में रहूंगा। मालदीव के 60 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेना मेरे लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है। 2025 में दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष भी पूरे कर रहे हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ वार्ता निश्चित रूप से विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को गति प्रदान करेगी'। उन्होंने मालदीव यात्रा को लेकर अपने वक्तव्य में कहा कि ब्रिटेन के बाद मैं राष्ट्रपति डॉ.मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में शामिल होने के लिए मालदीव की यात्रा करूंगा। इस वर्ष भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की भी 60वीं वर्षगांठ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू और वहां के अन्य राजनीतिक नेतृत्व के साथ अपनी बैठकों की प्रतीक्षा करने की बात कही। जिससे दोनों देशों के बीच एक व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के हमारे संयुक्त विजन को आगे बढ़ाया जा सके। साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग को सुदृढ़ बनाया जा सके। पीएम ने विश्वास जताते हुए कहा कि इस यात्रा के ठोस परिणाम प्राप्त होंगे। जिससे भारत-मालदीव के आम लोगों को लाभ होगा और हमारी पड़ोस प्रथम नीति को भी बढ़ावा मिलेगा।

■ **आईओआर में बढ़ेगी शांति-स्थिरता**

**एक्स पर किया ट्वीट**

#### बैठक के लिए उत्सुक हूं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से रवाना होते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा कि ब्रिटेन के लिए रवाना हो रहा हूं। एक ऐसा देश जिसके साथ



हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने पिछले कुछ सालों में महत्वपूर्ण गति प्राप्त की है। मैं प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ अपनी वार्ता और किंग चार्ल्स तृतीय के साथ अपनी बैठक के लिए उत्सुक हूं।

#### रणनीतिक साझेदारी में प्रगति

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। जिसमें बीते वर्षों में सराहनीय प्रगति देखी गई है। हमारा सहयोग व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष, रक्षा, शिक्षा, अनुसंधान, स्थिरता, स्वास्थ्य और लोगों के बीच परस्पर संबंधों के साथ ही कई क्षेत्रों में फैला हुआ है। ब्रिटेन यात्रा में पीएम ने किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात को लेकर भी उत्सुकता जताई।

---

### हिमाचल व उप्र के कई स्कूलों में मेल

## देश के 150 शहरों के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▶▶| शिमला/ लखनऊ



■ **बम निरोधक और श्वान दस्ते ने स्कूलों के परिसर की गहन तलाशी ली, कुछ नहीं मिला**

हिमाचल के शिमला और उप्र के कानपुर, मेरठ, आगरा समेत देश के150 शहरों के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये धमकी ईमेल के जरिए दी गई थी। इसके बाद बम निरोधक और श्वान दस्ते ने स्कूलों के परिसर की गहन तलाशी ली लेकिन अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। धमकी वाले मेलों में लिखा तहस कि हम आपको यह सूचना दे रहे हैं कि स्कूल परिसर भवन में कई बम छिपाकर रखे गए हैं। विस्फोटकों को बड़ी कुशलता से छिपाया गया है। इसमें आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार दो नामों को लिखा गया था। इसके बाद एटीएस सक्रिय हो गई और स्कूल प्रबंधन से जानकारी जुटाना शुरू किया। इससे पहले भी कई स्कूलों को ईमेल से ही धमकियां मिल चुकी हैं, लेकिन पुलिस आरोपितों को तलाश नहीं सकी। स्कूल को ईमेल से बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद से स्कूल प्रबंधन में खलबली मच गई। लेकिन संचालक व प्रबंधकों ने पहले मामले को इसलिए छिपाया कि बच्चों के अभिभावक परेशान न हो जाएं, लेकिन बाद में पता चला कि ऐसी धमकियां हिमाचल के शिमला और उप्र के मेरठ, आगरा, कानपुर समेत करीब देशभर के 150 जिलों के स्कूलों को दो गई। इसके बाद एटीएस सक्रिय हुई।

## नौसेना के चार जहाजों ने पूरी की सिंगापुर यात्रा, सहयोग बढ़ाएंगे




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दक्षिण पूर्व एशिया में तैनाती के दौरान पूर्वी बेड़े के जहाजों दिल्ली, शक्ति, सतपुड़ा और किल्टन ने सिंगापुर बंदरगाह पर अपनी यात्रा पूरी कर ली है। पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल सुशील मेनन के नेतृत्व ने इन जहाजों की 16 से 19 जुलाई तक परिचालन तैनाती की गई थी। यात्रा के दौरान सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त और सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के फ्लीट कमांडर से मुलाकात हिंद-प्रशांत क्षेत्र में द्विपक्षीय नौसैनिक संबंधों और समुद्री सहयोग को बढ़ाने के अवसरों और संभावनाओं पर चर्चा की गई।

---

### यूएनएससी में भारत की दो टूक

## आतंकवाद व अंतरराष्ट्रीय शांति के मुद्दे पर पाकिस्तान का दोहरा चरित्र निंदनीय

**न्यूयॉर्क(एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। उन्होंने पाक को दो टूक कहा कि देश की संप्रभुता पर सवाल उठाने के किसी भी प्रयास को भारत कभी स्वीकार नहीं करेगा। कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीय करण और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिंधु जल संधि का जिक्र करने के पाकिस्तान के दुस्साहस का कड़ा विरोध पी हरीश ने किया। आतंक और अंतरराष्ट्रीय शांति के मुद्दों पर पाक का दोहरा चरित्र निंदनीय है।

#### दूसरे देशों को उपदेश न दे पाकिस्तान



पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए पी. हरीश ने कहा कि परिषद का कोई सदस्य अगर दूसरों को उपदेश दे, लेकिन खुद ऐसे काम करे जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए अस्वीकार्य हों तो उसे उचित नहीं कहा जा सकता। भारत हमेशा की तरह बहुपक्षवाद और शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों के समाधान के जरिए अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

#### भारत से बातचीत के लिए तैयार: शहबाज

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर भारत से नरम रुख अपनाने की गुहार लगाई है। उन्होंने बुधवार को कहा कि उनका देश सभी लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए भारत के साथ सार्थक बातचीत के लिए तैयार है। शरीफ ने ब्रिटिश उच्चायुक्त जेन मैरियट से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की।



### दूसरा स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रचेत' लॉन्च, अत्याधुनिक उपकरण से लैस

**पणजी (भाषा)।** रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक इकाई गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए दूसरे स्वदेशी डिजाइन वाले प्रदूषण नियंत्रण पोत (पीसीवी) 'समुद्र प्रचेत' का जलावतरण किया। अधिकारी ने बताया कि पोत में दो भुजाएं हैं जो चलते समय तेल रिसाव को एकत्रित करने में सक्षम हैं और तेल के धब्बों का पता लगाने के लिए एक रडार भी है। भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने तटीय पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण प्रतिक्रिया कार्यों के लिए भारत की क्षमता को मजबूत करने में पोत के रणनीतिक महत्व पर बल दिया। शिवमणि ने कहा कि यह पोत समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया 'समुद्र प्रचेत' (यार्ड 1268) दो पीसीवी की श्रृंखला में दूसरा है।

### भारत ने पाक विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद रखने की समय सीमा 24 अगस्त तक बढ़ाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत ने पाकिस्तान के विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर पाबंदी की अवधि को और एक महीने के लिए 24 अगस्त तक बढ़ा दिया है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने 30 अप्रैल से पाकिस्तान की एयरलाइन (चाहे वे स्वामित्व में हों, लीज पर हों या सैन्य उड़ानें हों) के विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। सरकार द्वारा आंतकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए विभिन्न कदमों के तहत यह पाबंदी लगाई गई थी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने 'एक्स' पर बताया, "पाकिस्तानी विमानों के भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर रोक लगाने वाला 'नोटिस टू एयरमेन' (नोटम) आधिकारिक रूप से 23 अगस्त 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। यह विस्तार मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप है और रणनीतिक चिंताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

### संरा की शीर्ष अदालत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया

**द हेग (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने बुधवार को जलवायु परिवर्तन से निपटने पर ऐतिहासिक निर्णय में कहा कि 'स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण' मानवाधिकार है। अदालत ने जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रों के दायित्वों और ऐसा न करने पर उनके द्वारा सामना किए जाने वाले परिणामों से जुड़े ऐतिहासिक मुकदमे में फैसला सुनाया है। 500 पन्नों के इस गैर-बाध्यकारी परामर्श को अंतरराष्ट्रीय जलवायु कानून में संभावित मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह निर्णय घरेलू मुकदमों और निवेश समझौतों जैसे कानूनी उपायों सहित अन्य कानूनी कार्रवाइयों का आधार बन सकता है।







### तकनीकी खराबी के कारण दोहा जा रहा विमान उड़ान भरने के दो घंटे बाद ही कालीकट लौटा


**मलप्पुरम (केरल) (भाषा)।** केरल के कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दोहा जा रहा एअर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान बुधवार को किसी तकनीकी समस्या के कारण उड़ान भरने के दो घंटे बाद लौट आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फंसे हुए यात्रियों के लिए बाद में वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की गई। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि विमान ने सुबह नौ बजकर सात मिनट पर कालीकट से उड़ान भरी थी लेकिन वह दो घंटे बाद यानी अपराह्न 11 बजकर 12 मिनट पर उसी हवाई अड्डे पर लौट आया। इस विमान में पायलट और चालक दल सहित 188 लोग सवार थे।

#### अहमदाबाद-दीव जा रहे विमान ने नहीं भरी उड़ान

**अहमदाबाद (भाषा)।** गुजरात के अहमदाबाद से दीव जाने वाला इंडिगो का विमान बुधवार को तकनीकी खराबी के कारण अंतिम समय में उड़ान नहीं भर सका। विमान में 50 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। सूत्रों ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार अहमदाबाद से दीव के लिए उड़ान सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पूर्वाह्न लगभग 11 बजकर 15 मिनट पर रवाना होनी थी। विमान रवाना होने के चरण में था जब पायलट ने इसे रनवे पर रोकने का निर्णय लिया।

## पेशेवर तरीके से सौंपे गए शव गरिमा का रखा गया पूरा ध्यान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



■ **अहमदाबाद विमान हादसे पर ब्रिटिश मीडिया के दावों को भारत ने किया खारिज**

■ **हादसे के ब्रिटेन से जुड़े मृतकों के शवों को अत्यंत सम्मान व पेशेवर तरीके से संभाला गया**

भारत ने ब्रिटिश मीडिया की उस खबर को बुधवार को खारिज किया जिसमें दावा किया गया है कि ब्रिटेन में दो परिवारों को अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए उनके प्रियजनों के गलत शव मिले थे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि सभी शवों को बहुत ही पेशेवर तरीके से उनके परिजनों को सौंपा गया था और उनकी गरिमा का पूरा ध्यान रखा गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने खबर देखी है और जब से ये चिंताएं एवं मुद्दे हमारे संज्ञान में लाए गए हैं, हम ब्रिटेन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस दुर्घटना के बाद संबंधित अधिकारियों ने स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार मृतकों की पहचान की थी।" जायसवाल 12 जून के एअर इंडिया विमान हादसे के बारे में छपी खबर के संबंध में मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। हादसे में 53 ब्रिटिश नागरिकों समेत 241 लोग मारे गए थे। शवों को पेशेवर तरीके से परिजनों को सौंपा और गरिमा का पूरा ध्यान रखा गया।

#### एयर इंडिया से भी जवाब की दरकार

मामले पर पीड़ित परिवारों ने ब्रिटेन के सांसदों, वहां के विदेश मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश सचिव के कार्यालय से भी संपर्क साधा है। इसके अलावा उन्हें एयर इंडिया, आपातकालीन सेवा प्रदाता कैन्यन्स इंटरनेशनल इमरजेंसी सर्विसेज के जवाब का भी इंतजार है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25